दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 146 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार, 31 दिसम्बर 2025 | पौष माह, शुक्ल पक्ष द्वादशी , संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## बांग्लादेश में 12 दिन में तीसरे हिंदू की हत्या : कपड़ा फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी कर रहा था, साथी स्टाफ ने गोली मारी

बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है।

घटना सोमवार शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई। मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान मिया ने बजेंद्र पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर में बंदूक चल गई और गोली बजेंद्र की बायीं जांघ में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई।

बांग्लादेश में 2 हफ्तों में 3 हिंदू मारे गए 24 दिसंबर बुधवार रात 11.00 बजे एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

### दीपू दास की ईशनिंदा के झूठे आरोप में हत्या

इस मामले की जांच में यह सामने आया कि जिस दावे के आधार पर भीड़ ने हमला किया था, उसके कोई सबूत नहीं मिले। दरअसल, सोशल मीडिया पर यह आरोप लगाया जा रहा था कि दीपू चंद्र दास ने फेसबुक पर ऐसी टिप्पणी की थी, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं, लेकिन जांच एजेंसियों का कहना है कि अब तक ऐसी किसी भी पोस्ट या टिप्पणी के प्रमाण नहीं मिले हैं। बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन के कंपनी कमांडर मोहम्मद शम्सुज्जमान ने बांग्लादेशी अखबार 'द डेली स्टार' को बताया कि जांच में यह साबित करने वाला कोई साक्ष्य नहीं मिला है कि दीपू दास ने फेसबुक पर कोई आपत्तिजनक या धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला कंटेंट डाला था।

### स्टूडेंट लीडर उस्मान हादी की हत्या के बाद हिंसा भड़की



**दीपू चंद्र की हत्या जिस वक्त हुई, उस दौरान बांग्लादेश में हिंसा भड़की हुई थी। इंकलाब मंच के लीडर 32 साल के शरीफ उस्मान बिन हादी की मौत के बाद से राजधानी ढाका समेत 4 शहरों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं। उस्मान हादी अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के विरोध में हुए छात्र आंदोलन के लीडर थे। वे शेख हसीना और भारत विरोधी माने जाते थे। 12 दिसंबर को उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान गोली मार दी गई थी। यूनुस सरकार ने उन्हें इलाज के लिए सिंगापुर भेजा था, लेकिन 18 दिसंबर को हादी की मौत हो गई।**

**इससे भड़की भीड़ ने बांग्लादेश के दो बड़े अखबारों द डेली स्टार और प्रथोम आलो के ऑफिस में आग लगा दी। आरोप है कि हादी के समर्थक इलियास हुसैन ने फेसबुक पोस्ट के जरिए लोगों से राजबाग एरिया में इकट्ठा होने के लिए कहा था। बांग्ला अखबार प्रथोम आलो और अंग्रेजी अखबार द डेली स्टार के दफ्तर इसी जगह हैं।**

**उस्मान हादी अपनी तकरीरों में प्रथोम आलो और द डेली स्टार अखबार की आलोचना करते थे। उन्हें हिंदुओं का पक्षधर बताते थे और इन अखबारों के सेक्युलर होने पर आलोचना करते थे।**

## जयपुर के नीरजा मोदी स्कूल की सीबीएसई मान्यता रद्द

### छात्रा सुसाइड मामले में एक्शन; खुलासा- बच्ची ने मौत से पहले 5 बार टीचर से मदद मांगी

**जयपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने मंगलवार को जयपुर के नीरजा मोदी स्कूल की सीनियर सेकेंडरी स्तर तक की मान्यता (संबद्धता) रद्द कर दी। यह कार्रवाई स्कूल की एक छात्रा के सुसाइड के बाद की गई है। क्लास 4 में पढ़ने वाली 9 साल की अमायरा ने 1 नवंबर को स्कूल के चौथे फ्लोर से कूदकर जान दे दी थी। सीबीएसई ने कहा है कि स्कूल में छात्र सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन हुआ है और ऐसे असुरक्षित माहौल में बच्चों को पढ़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। सीबीएसई ने घटना की जांच के लिए कमेटी बनाई थी। इसकी रिपोर्ट के अनुसार, अमायरा स्कूल में लगातार बुलिंग का शिकार हो रही थी।

छात्रा के पेरेंट्स ने डेढ़ साल में तीन से अधिक बार शिक्षकों और कोऑर्डिनेटरों से बुलिंग की शिकायत की थी, लेकिन एंटी-बुलिंग कमेटी ने कोई एक्शन नहीं लिया। रिपोर्ट के अनुसार, मौत से पहले आखिरी 45 मिनटों में अमायरा 5 बार क्लास टीचर से मदद मांगने गई थी, लेकिन टीचर ने उसकी बात नहीं सुनी।

**10वीं-12वीं के छात्र बोर्ड परीक्षा देंगे, नए एडमिशन बंद**-सीबीएसई के आदेश के अनुसार, नीरजा मोदी स्कूल में सत्र 2025-26 में पढ़ रहे कक्षा 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट उसी स्कूल से बोर्ड परीक्षा दे सकेंगे, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। हालांकि, अब स्कूल के किसी भी क्लास नए एडमिशन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

## इंडिया विमेंस ने तीसरी बार 5-0 से टी-20 सीरीज जीती

### श्रीलंका को 15 रन से पांचवां मैच हराया, कप्तान हरमनप्रीत की फिफ्टी

बढ़ता राजस्थान




**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)** इंडिया विमेंस ने श्रीलंका को पांचवें टी-20 में 15 रन से हराकर सीरीज 5-0 से जीत ली। टीम ने तीसरी बार 5-0 के अंतर से टी-20 सीरीज जीती, इससे पहले टीम वेस्टइंडीज और बांग्लादेश को भी इसी अंतर से हरा चुकी है। तिरुवनंतपुरम में मंगलवार को श्रीलंका ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 7 विकेट खोकर 175 रन बनाए। श्रीलंका 7 विकेट के नुकसान पर 160 रन ही बना सकी। ग्रीनफील्ड स्टेडियम में भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने 43 गेंद पर 9 चौके और 1 छक्का लगाकर 68 रन बनाए। अरुंधति रेड्डी ने 27 और अमनजोत कौर ने 21 रन बनाए।

## भजनलाल सरकार की कैबिनेट बैठक में बड़े फैसले

### वाहन स्क्रैपिंग नीति, एआई-एमएल पॉलिसी को मंजूरी, एसओजी-एटीएस को 25 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश में पर्यावरण सुरक्षा, हरित एवं टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन देने, गवर्नेन्स, उद्योग, शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के उत्तरदायी, नैतिक एवं सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियों के अनुमोदन और कर्मचारी कल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

### वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप स्क्रैप होंगे वाहन

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने प्रेसवार्ता में बताया कि बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा की अनुपालना में अनुमोदित राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति-2025 प्रदेश में सड़क पर चलने में अयोग्य एवं प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध रूप से हटाकर उन्हें वैज्ञानिक, सुरक्षित एवं पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप नष्ट करने के उद्देश्य से लाई जा रही है। इस नीति के अंतर्गत राज्य में रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटीज (आरवीएसएफ) की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा, जिनके माध्यम से वाहनों की स्क्रैपिंग पूरी तरह पारदर्शी, डिजिटल और ट्रेस योग्य होगी। सभी स्क्रैपिंग प्रक्रियाएं वाहन पोर्टल से एकीकृत होंगी, जिससे स्क्रैप योग्य वाहनों के अनधिकृत उपयोग की संभावना समाप्त होगी।

### नए वाहन की खरीद पर मोटर वाहन कर पर मिलेगी छूट

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि 15 वर्ष से अधिक पुराने सरकारी वाहन, फिटनेस/पंजीकरण रहित वाहन, दुर्घटनाग्रस्त, क्षतिग्रस्त वाहन, नीलामी में खरीदे गए कबाड़ वाहन, अनुपयोगी वाहन या स्वेच्छा से आरवीएसएफ को दिए गए वाहन इस नीति के अंतर्गत स्क्रैप किए जा सकेंगे। अधिकृत स्क्रैप सेंटर से वाहन स्वामी को सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट (सीओडी) और सर्टिफिकेट ऑफ व्हीकल स्क्रैपिंग (सीवीएस) जारी किए जाएंगे। साथ ही, वाहन पोर्टल पर भी डिजिटली अपलोड किए जाएंगे। सीओडी के आधार पर नए वाहन की खरीद पर मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत तक (अधिकतम 1 लाख रुपए) की छूट का लाभ भी मिल सकेगा।



### स्कूल-कॉलेज में मिलेगा एआई शिक्षा को बढ़ावा

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि नीति के अंतर्गत प्रत्येक विभाग अपने लिए एआई उपयोग से जुड़े कार्यों की पहचान करेगा और एक एआई नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। आधुनिक डिजिटल एवं कंप्यूट अवसंरचना, एआई क्लाउड सेवाओं, सुरक्षित डेटा स्टोरेज और टेसिंटग प्लेटफॉर्म की व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाएगा। स्कूलों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थानों और कॉलेजों में एआई शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाएगा। युवाओं, शिक्षकों और सरकारी कार्मिकों के लिए एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उद्योग, एमएसएमई, स्टार्टअप और रिसर्च इंस्टीट्यूट्स को एआई से जुड़ी पहलें करने के लिए रिप्स, एमएसएमई एवं स्टार्टअप नीतियों के अनुरूप टॉप-अप प्रोत्साहन दिए जाएंगे।

### वर्तमान सरकार के कार्यकाल में रिफाइनरी का काम पूर्णता की ओर

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पचपदरा में निर्माणाधीन 9 मिलियन मैट्रिक टन वार्षिक क्षमता की रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स परियोजना की स्थापना के कार्य में तेजी आई है और यह पूर्णता की ओर है। रिफाइनरी परियोजना के लिए राज्य सरकार और एचपीसीएल के बीच 18 अप्रैल 2017 को एमओयू हुआ था। रिफाइनरी की अनुमानित प्रारम्भिक लागत 43 हजार 129 करोड़ रुपए थी और कार्य 31 अक्टूबर, 2022 तक पूरा किया जाना था। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि पूर्ववर्ती राज्य सरकार के समय में 2 जून, 2023 को परियोजना की लागत बढ़ कर 72 हजार 937 करोड़ रुपए हो गई।

## सोशल मीडिया पर अश्लील कंटेंट को लेकर केंद्र की चेतावनी

### कहा- कंपनियां ऐसे कंटेंट पर रोक लगाएं, नहीं तो केस होगा; यूजर भी सोच-समझकर पोस्ट करें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अश्लील कंटेंट को लेकर चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि कंपनियां अश्लील, भद्दे, पोर्नोग्राफिक, बच्चों से जुड़े यौन शोषण वाले और गैर-कानूनी कंटेंट पर तुरंत रोक लगाएं। यदि कंपनियां ऐक्शन नहीं लेंगी तो उन पर केस चलेगा। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी ने ये एडवाइजरी सोमवार को जारी की थी। न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी कर बताया कि एडवाइजरी में इंटरनेट प्लेटफॉर्म को ह्रुञ एक्ट के संबंध में अपने कंप्लायंस फ्रेमवर्क की समीक्षा करने के लिए कहा गया है।




### एडवाइजरी की मुख्य बातें...

अगर सोशल मीडिया कंपनियां कानून और नियमों का पालन नहीं करेंगी, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। सिर्फ कंपनियां ही नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म और यूजर्स- दोनों पर केस दर्ज किया जा सकता है। कई प्लेटफॉर्म गलत और अश्लील कंटेंट को पहचानने और हटाने में ढिलाई बरत रहे हैं। इसलिए अब कंपनियों को ऐसे कंटेंट पर नियमित और तेजी से कार्रवाई करनी होगी।




## पीएम मोदी जनवरी में करेंगे रिफाइनरी का उद्घाटन

### राजस्थान में 15 साल से पुराने वाहन स्क्रैप किए जाएंगे, अधिकतम 1 लाख रुपए की छूट मिलेगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार की कैबिनेट बैठक मंगलवार शाम को हुई। बैठक में राजस्थान वाहन स्क्रैपिंग नीति का अनुमोदन किया गया। बजट में सरकार ने इसकी घोषणा की थी। इस नीति में 15 साल की अवधिपार कर चुके वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने का प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिफाइनरी के पहले चरण का जनवरी में शुभारंभ करेंगे। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने बताया-नीति के तहत 15 साल की अवधिपार कर चुके वाहन, प्रदूषण फैलाने वाले वाहन, कबाड़ी के पास पड़े वाहनों सहित अन्य वाहनों को स्क्रैप किया जा सकेगा।

### 1 लाख की छूट मिल सकेगी

वाहन मालिक को सर्टिफिकेट जारी किया जा सकेगा। इससे उसे नए वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर 50 प्रतिशत और अधिकतम 1 लाख रुपए की छूट मिल सकेगी। इससे पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जाएगा। स्क्रैपिंग यूनिट को भी विशेष छूट मिलेगी। जिससे ज्यादा से ज्यादा यूनिट राजस्थान में लग सके। वहीं बैठक में राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी का भी अनुमोदन किया गया है। कैबिनेट ने इस नीति को मंजूरी दी है। प्रदेश में ई-गर्वनेंस को बढ़ावा देने के लिए इस नीति को लाने की घोषणा की गई थी। इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली और प्रशासन को अधिक पारदर्शी बनाना है।



**बाड़मेर रिफाइनरी की लागत 80 हजार करोड़ रुपए हुई**-बाड़मेर रिफाइनरी की लागत बढ़कर 80 हजार करोड़ रुपए हुई। वहीं, रिफाइनरी मे कॉमर्शियल प्रोडक्शन जुलाई 2026 से शुरू होगा। कैबिनेट ने बढ़ी हुई लागत का अनुमोदन किया। विधि मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इससे पहले रिफाइनरी पहले चरण का शुभारंभ जनवरी में पीएम मोदी करेंगे।

## सम्पादकीय

# सुधारों की बात, भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2025 को सुधारों के वर्ष के रूप में रेखांकित करते हुए यह जो कहा कि भारत रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार हो गया है और इससे 2047 तक देश को विकसित बनाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी, उसकी सार्थकता तभी है, जब वास्तव में ऐसा होता हुआ दिखाई देगा। इससे इन्कार नहीं कि इस वर्ष कई बड़े सुधार हुए, जिनमें सबसे उल्लेखनीय रहा जीएसटी में व्यापक बदलाव। इसके अतिरिक्त बीमा क्षेत्र में सौ प्रतिशत विदेशी पूंजी निवेश को मंजूरी देने और श्रम सुधारों के तहत 29 कानूनों को चार आधुनिक कोड में समेटकर लागू करने को भी बड़े कदम की संज्ञा भी दी जा सकती है, लेकिन अभी तो इन सुधारों का प्रभाव सामने आना शेष है। ठीक वैसे ही, जैसे इसका पता भविष्य में ही चलेगा कि मनरेगा में बुनियादी बदलाव कर वीबी-जीरामजी नामक जो नया कानून लाया गया, उसके कितने सकारात्मक नतीजे कब तक आएंगे। यही बात शिक्षा, कारोबारी सुगमता और परमाणु ऊर्जा से जुड़े कुछ उन सुधारों पर भी लागू होती है, जो इस वर्ष देखने को मिले। सुधार के इन कदमों को जिन उद्देश्यों के साथ लागू किया गया है, उनकी पूर्ति हर हाल में हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सुधारों के सकारात्मक परिणाम केवल दिखने ही नहीं चाहिए, बल्कि वे आम आदमी को महसूस भी होने चाहिए। विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले सुधारों को प्रभावी बनाने के लिए यह अनिवार्य है कि नौकरशाही के प्रत्येक स्तर पर सुधार हो। यह ठीक है कि केंद्रीय सत्ता से जुड़ी उच्च स्तर की नौकरशाही के तौर-तरीकों में कुछ बदलाव आया है, लेकिन निचले स्तर पर उसका रवैया जस का जस है। सबसे खराब बात यह है कि नौकरशाही का भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस कारण भी आम आदमी सुधारों के समुचित लाभ का अनुभव नहीं कर पा रहा है। उसे अब भी कदम-कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यह समझा जाए तो अच्छा कि हर क्षेत्र में सुधारों को सही तरह लागू करने के मामले में बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसका संकेत कुछ ही दिनों पहले प्रधानमंत्री ने यह कह कर दिया था कि राज्यों को मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ कारोबारी सुगमता में सुधार और सेवा क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देना होगा। पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने शासन, सेवा और विनिर्माण, हर क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता बनाने पर भी जोर दिया था। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी मेड इन इंडिया को गुणवत्ता का



पर्याय नहीं बनाया जा सका है। इसी तरह शासन व्यवस्था में एक नई कार्यसंस्कृति विकसित करने की दिशा में कुछ कदम उठाए जाने के बाद भी अभी बात नहीं बन सकी है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 31 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 2014 - चीन के शंघाई शहर में नए साल की पूर्व संध्या पर मची भगदड़ में कम से कम 36 लोग मारे गए और 49 अन्य घायल हो गये।
- 2008 - ईश्वरदास रोहिणी को दूसरी बार मध्य प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष बनाने की घोषणा हुई।
- 2007 - म्यांमार की सैन्य सरकार ने सात विपक्षी नेताओं को गिरफ़्तार किया।
- 2005 - सुरक्षा कारणों से संयुक्त राज्य अमेरिका ने मलेशिया में अपने दूतावास को अनिश्चित काल के लिए बंद किया।
- 2004 - ब्यूनर्स आयर्स (अर्जेन्टीना) के एक नाइट क्लब में आग लगने से 175 लोगों की मौत।
- 2003 - भारत और सार्क के दूसरे देशों के विदेश सचिवों ने शिखर सम्मेलन से पहले वार्ता शुरू की।
- 2001 - भारत ने पाकिस्तान को 20 वांछित अपराधियों की सूची सौंपी; अर्जेन्टीना के राष्ट्रपति फर्नांडों रूआ ने अपने पद इस्तीफ़ा दिया।
- 1999 - इंडियन एयरलाइंस के विमान 814 का अपहरण कर अफग़ानिस्तान के कंधार हवाई अड्डे ले जाया गया। सात दिन के बाद 190 लोगों की सुरक्षित रिहाई के साथ यह बंधक संकट टला।
- 1998 - रूस द्वारा कज़ाकिस्तान अंतरिक्ष केंद्र से तीन उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण।
- 1997 - मोहम्मद रफ़ीक तरार पाकिस्तान के 9वें राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 1988 - परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया जो 27 जनवरी 1991 से प्रभावी हुआ।
- 1984 - राजीव गाँधी 40 वर्ष की उम्र में भारत के सातवें प्रधानमंत्री बने।
- मो. अज़हरुद्दीन ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टेस्ट मैच खेलकर अपने अंतर्राष्ट्रीए क्रिकेट जीवन की शुरुआत की। बाद में वे भारतीय टीम के कप्तान भी बने।

## विशेष आलेख

# उपलब्धियों के शोर में दबे सच 2025 का आत्ममंथन



डॉ सत्यवान सौरभ

इतिहास केवल तारीख़ों और घटनाओं का संग्रह नहीं होता, वह समाज की सामूहिक चेतना का आईना भी होता है। बीते कुछ वर्ष, और विशेष रूप से वर्ष 2025, भारत के लिए ऐसा ही एक आईना बनकर सामने आए जिसमें हमने अपनी उपलब्धियाँ भी देखीं और अपनी असहज सच्चाइयाँ भी। यह वर्ष उम्मीद और हताशा, प्रगति और पिछड़ेपन, गर्व और ग्लानि इन सभी भावों का एक साथ साक्षी बना।

2025 में भारत ने कई मोर्चों पर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। डिजिटल भुगतान प्रणाली ने आम नागरिक के जीवन को अपेक्षाकृत सरल बनाया। यूपीआई जैसी तकनीकों ने यह दिखाया कि यदि नीयत हो तो तकनीक जनसाधारण तक पहुँच सकती है। स्टार्टअप संस्कृति ने युवाओं में उद्यमिता का विश्वास जगाया, अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत ने सीमित संसाधनों में असाधारण क्षमताओं का परिचय दिया, और बुनियादी ढाँचे—सडक़ों, रेल, हवाई अड्डों—के विस्तार ने 'तेज़ी से बढ़ते भारत' की छवि को मज़बूत किया। इन उपलब्धियों से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन यहीं आत्ममंथन की ज़रूरत भी पैदा होती है, क्योंकि सवाल केवल विकास का नहीं, बल्कि उसके सामाजिक प्रभाव का है।

विकास के चमकदार आँकड़ों के समानांतर 2025 में बेरोज़गारी और महंगाई की सच्चाई भी उतनी ही तीखी रही। पढ़े-लिखे युवाओं के हाथों में डिग्रियाँ थीं, लेकिन रोज़गार नहीं। भर्ती परीक्षाओं की अनिश्चितता, परिणामों में देरी और निजी क्षेत्र की अस्थिरता ने एक पूरी पीढ़ी को मानसिक दबाव में डाल दिया। महंगाई ने आम आदमी की रसोई से संतुलन छीन लिया। दाल-सब्ज़ी, गैस, शिक्षा और स्वास्थ्य सब कुछ महँगा होता गया, पर आय उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। यह आर्थिक असंतुलन धीरे-धीरे सामाजिक असंतोष में बदलता चला गया। 2025 में किसान और मज़दूर की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं रही। मौसम की मार, फसल के उचित दाम न मिलना, बढ़ता कजर्.और नीति-स्तर की अनदेखी ने किसान को लगातार असुरक्षा में रखा। कहीं संवाद टलता रहा, कहीं आंदोलनों को दबाने की कोशिश हुई। यह विडंबना है कि जो देश को भोजन देता है, वही सबसे अधिक अनिश्चित भविष्य से घिरा है। मज़दूरों की स्थिति भी इससे भिन्न नहीं रही। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले करोड़ों लोग सामाजिक सुरक्षा, स्थायी रोज़गार और सम्मानजनक जीवन से वंचित रहे। विकास की इमारत जिन हाथों से खड़ी होती है, वे हाथ अक्सर सबसे ज़्यादा थके और सबसे कम सुरक्षित होते हैं।

सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की जर्जर हालत 2025 में और अधिक उजागर हुई। सरकारी स्कूलों और अस्पतालों की बदहाली अब किसी एक राज्य की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती बन चुकी है। शिक्षक संसाधनों की कमी और प्रशासनिक दबाव के बीच काम करते रहे, वहीं स्वास्थ्यकर्मी अत्यधिक कार्यभार, सीमित सुविधाओं और असुरक्षा के वातावरण में अपनी ज़िम्मेदारी निभाते रहे। निजीकरण ने विकल्प तो दिए, लेकिन समानता नहीं। शिक्षा और स्वास्थ्य धीरे-धीरे अधिकार की जगह बाज़ार की वस्तु बनते चले गए, और इसका सबसे बड़ा नुकसान उन लोगों को हुआ जो पहले से ही सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर थे।

लोकतंत्र की दृष्टि से भी 2025 एक बेचैन करने वाला वर्ष रहा। असहमति को देशविरोध से जोडऩे की प्रवृत्ति ने सार्वजनिक विमर्श को संकुचित किया। लेखकों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं पर बढ़ता दबाव यह संकेत देने लगा कि सत्ता से सवाल पूछना जोखिम भरा होता जा रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर गिरफ्तारियाँ, अभिव्यक्ति की सीमाएँ तय करने की कोशिशें और संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्तता पर उठते प्रश्न यह याद दिलाते रहे कि लोकतंत्र केवल चुनावी प्रक्रिया से जीवित नहीं रहता। वह जीवित रहता है स्वतंत्र प्रेस, निर्भीक नागरिकों और जवाबदेह संस्थानों से।

धर्म और पहचान की राजनीति ने 2025 में समाज को बार-बार विभाजित किया। धार्मिक उन्माद, भीड़तंत्र की मानसिकता और नैतिक पुलिसिंग ने संविधान में निहित समानता, बंधुत्व और धर्मनिरपेक्षता के मूल विचारों को चुनौती दी। धर्म, जो व्यक्ति का निजी आस्था-क्षेत्र होना चाहिए था, वह सत्ता और राजनीति का औज़ार बनता चला गया। इसका परिणाम यह हुआ कि समाज में अविश्वास बढ़ा, संवाद टूटा और मानवीय रिश्तों में दरारें गहराती चली गईं। इन तमाम निराशाजनक स्थितियों के बीच 2025 ने उम्मीद की कुछ ठोस झलकें भी दीं। युवाओं ने सवाल पूछे, छात्रों ने अपनी आवाज़ बुलंद की, किसानों और कर्मचारियों ने संगठित होकर अपने अधिकारों की माँग की। नागरिक संगठनों और स्वतंत्र पत्रकारिता ने यह साबित किया कि भारतीय लोकतंत्र पूरी तरह मौन नहीं हुआ है। यह प्रतिरोध केवल सत्ता के विरुद्ध नहीं था, बल्कि उस सामाजिक उदासीनता के विरुद्ध भी था जो धीरे-धीरे हमें भीतर से खोखला कर देती है। 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया कि विकास को केवल जीडीपी के आँकड़ों से नहीं मापा जा सकता। जब तक गाँव सुरक्षित नहीं होंगे, किसान आश्वस्त नहीं होगा, मज़दूर सम्मान के साथ नहीं जिएगा, शिक्षक और स्वास्थ्यकर्मी संरक्षित नहीं होंगे, और छात्र भविष्य को लेकर भयमुक्त नहीं होंगे, तब तक 'विकसित भारत' केवल एक आकर्षक नारा ही बना रहेगा। तकनीक तभी सार्थक है जब वह मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी हो, और शासन तभी सफल माना जा सकता है जब उसका प्रभाव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचे। बीते वर्षों, और विशेषकर 2025 की सबसे बड़ी सीख यही है कि भारत को बचाने की ज़िम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों की भी है। लोकतंत्र में चुप्पी तटस्थता नहीं होती; वह अक्सर अन्याय की सबसे मज़बूत सहयोगी बन जाती है। जब हम अन्याय देखकर चुप रहते हैं, तब हम अनजाने में उसके पक्ष में खड़े हो जाते हैं। 2025 ने हमें यह एहसास कराया कि अब चुप रहना विकल्प नहीं रहा। सवाल करना, असहमति जताना और संवाद बनाए रखना ही आज का सबसे बड़ा देशप्रेम है। 2025 केवल एक बीता हुआ वर्ष नहीं है, बल्कि एक चेतावनी और एक अवसर दोनों है।

# अरावली पर सरकार की मंशा आखिर क्या थी?



निरंजन परिहार

*कोर्ट ने यह भी कहा कि 100 मीटर नियम का व्यापक प्रभाव समझे बिना उसे लागू नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को कहा कि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए।*

अरावली बचाओ अभियान की जीत हुई। सरकार की सलाह पर पहले सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की 100 मीटर तक ऊंचाई की पहाडियों को अरावली पर्वत श्रृंखला का हिस्सा न मानने का फैसला दिया था। इस मामले पर सरकार के विरोध में शुरू हुए तेज आंदोलन के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने ही आदेश पर रोक लगा दी गई है। इस निर्णय को अरावली बचाओ आंदोलन की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इससे अरावली के संरक्षण के लिए और समय मिल गया है। माना कि अरावली पर सुप्रीम कोर्ट ने स्टे देकर जनता की चिंताओं को गंभीरता से लिया है। लेकिन संघर्ष अभी समाप्त नहीं हुआ है, क्योंकि यह सत्य अभी सार्वजनिक होना बाकी है कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में, अरावली की 100 मीटर की पहाडियों को अरावली का हिस्सा ही न मानने की सिफारिश किस मंशा से की थी? सुप्रीम कोर्ट ने 29 दिसंबर 2025 को अरावली पहाडियों से जुड़े एक अहम फैसले में 20 नवंबर के अपने पिछले आदेश पर रोक लगा दी। इस पिछले आदेश में कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा पेश की गई 100 मीटर ऊंचाई के आधार पर अरावली पर्वतमाला की नई परिभाषा को स्वीकार किया था। लेकिन 29 दिसंबर को तीन जजों की बेंच ने इस नई परिभाषा पर सीधे कार्रवाई करने से पहले गहन समीक्षा की जरूरत बताई। कोर्ट ने यह भी कहा कि 100 मीटर नियम का व्यापक प्रभाव समझे बिना उसे लागू नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को कहा कि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए, जो परिभाषा, ऊंचाई के मानदंड और खनन की संभावित अनुकूलता पर अध्ययन करे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत सहित पार्टी नेताओं ने इस फैसले को जनता की आवाज़ की जीत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सही कदम के रूप में देखा। गहलोत ने आम तौर पर इस मुद्दे पर कहा कि अरावली रेंज को कमजोर करने वाली परिभाषा पर्यावरण और स्थानीय जीवन के लिए जोखिम भरी थी। उन्होंने अदालत द्वारा अपने ही फैसले को रोकने को लोगों की संवेदनशीलता को सम्मान देने वाला फैसला बताते हुए कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय परिस्थितियों को देखते हुए यह बेहद आवश्यक है कि अरावली को लेकर अगली शताब्दी तक की स्थिति को सोचकर काम किया जाए। गहलोत ने इस मुहिम में जुड़े सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के पर्यावरण मंत्री को भी अब पर्यावरण के हित में काम करने की सोच रखनी चाहिए। सरिस्का सहित पूरे अरावली में खनन बढ़ाने की सोच भविष्य के लिए खतरनाक है। गहलोत मानते हैं कि पर्यावरण संरक्षण पर जनता की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना था कि सरकार और सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली महत्वपूर्ण पहाडियां संरक्षण से बाहर हो सकती थीं, जिससे खनन और पर्यावरणीय क्षरण बढ़ सकता था। पर्यावरण प्रेमियों और आन्दोलनकारियों ने इसे आरंभ से ही अरावली के अस्तित्व के लिए खतरा बताया।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### वसुधा की जीवन रेखा




अरे! सुना तुमने? वसुधा वेंटिलेटर पर है।--मंगल के मुख से यह सुनकर शनि हतप्रभ था। पूरे सौर-मंडल में हडक़ंप मचा हुआ था। सभी ग्रह चिंतित थे कि वसुधा की जीवन-लीला समाप्त हो गयी तो उसके बच्चों का क्या होगा? सभी बेमौत मारे जाएँगे। शुक्र जो स्वभाव से ही गरम-मिज़ाज था, गुस्से से लाल होता हुआ बरस पड़ा, उसके बच्चों ने ही तो उसकी यह हालत कर डाली है। अब भुगतें! अच्छा हुआ कि हम जीवनरहित हैं वरना हमारा भी वही हाल होता जो आज वसुधा का है। अरे! ऐसा न कहो। हमारे सौर-मंडल में एक वसुधा ही तो है, जो इतनी ख़ूबसूरत है। जहाँ पर जीवन है, हरियाली है। जल है, वायु है, ख़ुशियाँ हैं। हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि वह जल्दी से ठीक हो जाए।--जुपिटर भी इस ऑनलाइन कॉंफ्रेंस में शामिल हो गया था। तभी सभी के मोबाइल पर एक मेसेज फ्लैश हुआ-वृक्षों से बनी दवाइयाँ और ऑक्सीजन चढ़ाने से वसुधा की जीवन-रेखा की वक्रता रफ़्तार पकडऩे लगी है थैंक गॉड! अब पृथ्वी पर जंगलों की अनिवार्यता मनुष्यों को समझ आ गयी होगी। सूर्य ने भी चैन की साँस ली।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# शहद में काली मिर्च मिलाकर खाने से दूर हो सकती हैं ये समस्याएं, जानें सेवन का सही तरीका

शहद और काली मिर्च का इस्तेमाल आयुर्वेद में औषधि के रूप में प्राचीन समय सेकिया जा रहा है। शहद और काली मिर्च, दोनों औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। शहद में एंटीऑक्सीडेंटेस, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो कई बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। तो आइए, जानते हैं शहद के साथ काली मिर्च का सेवन करने से सेहत को मिलने फायदों के बारे में विस्तार से । शहद और काली मिर्च का सेवन करने से सर्दी-खांसी की समस्या से राहत मिल सकती है। दरअसल, शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। यह सर्दी-खांसी और वायरल इंफेक्शन से बचाने में मदद करता है। शहद और काली मिर्च का सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। दरअसल, काली मिर्च पाचन एंजाइम्स को उत्तेजित करती है, जिससे भोजन अच्छे से पचता है। वहीं, शहद आंतों को साफ करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनता है। नियमित रूप से इन दोनों के मिश्रण का सेवन करने से गैस, कब्ज, अपच और पेट फूलने की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। -वजन घटाने में मददगार शहद के साथ काली मिर्च का सेवन करने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसके सेवन से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, जिससे शरीर में जमा अतिरिक्त फैट को बर्न करने में मदद मिलती है। नियमित रूप से कुछ दिनों तक इस मिश्रण का सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। शहद और काली मिर्च का एक साथ सेवन करने से जोड़ों के दर्द और सूजन से राहत मिल सकती है। दरअसल, इसमें एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो सूजन और दर्द को कम करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आपकी आय बढऩे से आपको खुशी होगी। आपको अपने पिताजी से काम को लेकर बातचीत करने का मौका मिलेगा।

### वृष
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके बॉस आपके प्रमोशन के बात आगे बढ़ा सकते हैं, जिससे आपको खुशी होगी। आप संतान की फरमाइशों को भी आप आसानी से पूरा कर पाएंगे।

### मिथुन
आज आपके कला और कौशल में निखार आएगा और आप अपने किसी सहयोगी की बात को लेकर परेशान रहेंगे। आपको कार्यक्षेत्र में लोगों पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आपको कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

### सिंह
आज आपके मन में परस्पर सहयोग की भावना बनी रहेगी। किसी सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रम में आपको सम्मिलित होने का मौका मिलेगा और आपके पास-पड़ोस में आपकी किसी बात को लेकर वाद-विवाद चल रहा।

### कन्या
आज आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहना होगा। नौकरी में सहकर्मियों का आपको पूरा साथ मिलेगा और आपको यदि किसी यात्रा पर जाना पड़े, तो आपको पूरा ध्यान देना होगा।

### तुला
आज का दिन रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी और आप अपने जिम्मेदारियां को भी समय से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। भाई व बहनों से यदि कोई अनबन चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी।

### धनु
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने रोजमर्रा के कामों को कल पर टालने से बचें, नहीं तो आने वाले समय में आपका काम को लेकर भागदौड़ बढ़ सकती हैं।

### मकर
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा और कार्यक्षेत्र में आप किसी पर आंखमूंद कर भरोसा ना करें, इसलिए यदि आपकी कोई डील लंबे समय से लटकी हुई थी।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सेहत पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा, क्योंकि सेहत में उतार चढ़ाव रहने से आप परेशान रहेंगे। आप दोस्तों के साथ साल के अंतिम दिन मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।

### मीन
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप अपने व्यापार पर वाणी की सौम्यता को बनाए रखें, नहीं तो आपका अपने परिवार में किसी सदस्य से कहासुनी होने की संभावना है।

# प्रियंका गांधी वाड्रा परिवार के साथ पहुंची रणथंभौर, बेटे रेहान भी साथ मौजूद, 4 दिन रुकने का है कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा अपने परिवार के साथ निजी यात्रा पर राजस्थान के सवाई माधोपुर पहुंची हैं। उनके साथ लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद हैं। गांधी-वाड्रा परिवार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिल्ली से सडक़ मार्ग के जरिए रणथंभौर पहुंचा। गाडियों के लंबे काफिले के गुजरने के दौरान शहर के हम्मीर ब्रिज क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। सुरक्षा कारणों से पुलिस ने पहले ही वाहनों को रोक दिया था, जिससे कुछ देर जाम की स्थिति बनी। यह यात्रा पूरी तरह निजी बताई जा रही है। परिवार रणथंभौर रोड स्थित एक निजी और आलीशान रिसॉर्ट में ठहरा है, जिसका किराया लाखों रुपये प्रतिदिन बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा तीन से चार दिन तक रणथंभौर में रुक सकती हैं। इस दौरान परिवार का रणथंभौर नेशनल पार्क घूमने का भी कार्यक्रम है। संभावना जताई जा रही है कि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी आज शाम या आने वाले दिनों में सफारी के जरिए पार्क का भ्रमण कर सकते हैं।

### पूरी तरह से निजी यात्रा

परिवार के साथ प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा भी सवाई माधोपुर पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक रेहान की सगाई दिल्ली निवासी अवीवा बेग से हो चुकी है। ऐसे में अवीवा और उनके परिवार के लोगों के भी रणथंभौर पहुंचने के कयास लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों परिवार मिलकर यहां कुछ दिन बिताएंगे और नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगे। हालांकि इससे जुड़े किसी भी कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### सोनियां गांधी यात्रा में शामिल नहीं

गांधी-वाड्रा परिवार का रणथंभौर से पुराना जुड़ाव रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा इससे पहले भी कई बार यहां आ चुकी हैं, जबकि राहुल गांधी और सोनिया गांधी भी अतीत में रणथंभौर का दौरा कर चुके हैं। बताया जाता है कि परिवार साल में दो-तीन बार रणथंभौर आता है और यहां की प्राकृतिक सुंदरता व वन्यजीवों के बीच समय बिताता है। इस बार परिवार नए साल के मौके पर रणथंभौर पहुंचा है, हालांकि सोनिया गांधी इस यात्रा में शामिल नहीं हैं।

### रेहान वाड्रा पेशे से विजुअल आर्टिस्ट

रेहान वाड्रा पेशे से विजुअल आर्टिस्ट और फोटोग्राफर हैं। उन्होंने देश और विदेश में अपने आर्टवर्क की प्रदर्शनियां भी लगाई हैं। वहीं अवीवा बेग भी फोटोग्राफर और प्रोड्यूसर हैं और खेल जगत से भी जुड़ी रही हैं। कुल मिलाकर गांधी-वाड्रा परिवार की यह यात्रा सियासी गतिविधियों से दूर, पूरी तरह पारिवारिक और निजी मानी जा रही है!

## बंदरों के आतंक से परेशान आमजन कलेक्टर से लगाई गुहार



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** नगर परिषद के मेहगांव पक्का बंधा क्षेत्र में इन दिनों बंदरों न आतंक आतंक मचा रखा है, बंदरों के आतंक से परेशान क्षेत्र वासियों ने आज जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर बंदरों को पकडऩे की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मेहगांव पक्का बंधा क्षेत्र में रहने वाले लोगों का कहना है कि पिछले दिनों से 30 से 35 बंदरों का एक बड़ा झुंड आए दिन राह चलते नागरिकों पर अचानक हमला कर रहे हैं, जिससे कई लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हो चुके हैं। विशेष रूप से छोटे बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों पर हमलों की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। बच्चों का विद्यालय जाना तथा बुजुर्गों का घर से बाहर निकलना अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है। कई बार बंदर घरों में घुसकर खाने-पीने का सामान, फल-सब्ज़ी, दूध एवं अन्य घरेलू वस्तुएँ नष्ट कर सीधे घरों रहने वाले लोगों पर हमला कर देते हैं। लोगों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द ही बंदरों को पकड़वाकर अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग की है ओर मांग नहीं माने जाने पर उग्र धरना प्रदर्शन करने की प्रशासन को चेतावनी भी दी है।

## मकर संक्रांति महोत्सव का प्रथम निमंत्रण भगवान श्री अन्नपूर्णा गणेश जी को अर्पित

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** श्री गांधी गौशाला टोंक में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति महोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। इस पावन आयोजन का प्रथम निमंत्रण आज टोंक स्थित भगवान श्री अन्नपूर्णा गणेश जी महाराज को विधिवत पूजा-अर्चना कर अर्पित किया गया। इस अवसर पर गौशाला समिति की ओर से भगवान श्री गणेश जी से महोत्सव के निर्विघ्न, सफल एवं मंगलमय आयोजन की कामना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत भगवान गणेश को मकर संक्रांति महोत्सव में पधारने का श्रद्धापूर्वक आमंत्रण दिया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्री गांधी गौशाला समिति सदस्य चतुरदास जी राका, दुर्गेश गुप्ता, सोनू जैन (इलायची वाले) एवं गोसेवक सुनील अजमेरा उपस्थित रहे। सभी ने गौसेवा एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने की बात कही। गौरतलब है कि श्री गांधी गौशाला टोंक द्वारा मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर हर वर्ष विभिन्न धार्मिक एवं गौसेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं।

## जयपुर में किसान महापंचायत की विशाल अन्नदाता हुंकार रैली, किसानों ने खेत को पानी और फसल को दाम की मांग उठाई



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** मंगलवार को किसान महापंचायत के तत्वावधान में विशाल 'अन्नदाता हुंकार रैली' का आयोजन किया गया। रैली की अध्यक्षता पूर्व महाअधिवक्ता एवं किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट जी ने की। रैली में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर खेत को पानी, फसल को उचित दाम, न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी तथा युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर जोरदार हुंकार भरी। मुख्य अतिथि रामपाल जाट ने अपने संबोधन में कहा कि अन्नदाता अपने हक और न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेत को पानी, फसल को दाम और रूस्क्क की गारंटी कानून बनाना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सरकार को किसानों की जायज मांगों को स्वीकार करना ही होगा। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय महासचिव अकबर खान ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान का किसान अब पूरी तरह जाग चुका है। अन्नदाता अब सरकारों के झूठे आश्वासनों पर विश्वास नहीं करेगा। किसान अपनी फसलों का वाजिब मूल्य लेकर ही दम लेगा। रैली में युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री रामेश्वर चौधरी, किसान नेता रतन लाल खोखर, गोपी लाल जाट, दशरथ जी, प्रोफेसर साहब, सलीम खान, मुसद्दी लाल यादव, बद्री गुर्जर, भरतराज मीना, वीरेंद्र पांडेय, बलदेव सूद, सुनील शिंदे, नाथू चौधरी सहित कई किसान नेता एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## तीसरी विशाल शोभायात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** हिंदू युवा संगठन कंपू टोंक के नेतृत्व में आज राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दूसरी वर्षगांठ पर तृतीय विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष सुभाष सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर तृतीय विशाल शंकरपुर चौराहा कंपू से मार्केट होते हुए मोदी चौकी प्रस्ताव करेगी। इस दौरान युवा नेता दीपक सैनी सहित कई समाजसेवी और युवा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## नववर्ष पर त्रिनेत्र गणेश मंदिर दर्शन हेतु विशेष यातायात व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** नववर्ष के अवसर पर त्रिनेत्र गणेश मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात प्रबंध किए गए हैं। रणथम्भौर बाघ परियोजना, सवाई माधोपुर के उप वन संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक (प्रथम) मानस सिंह ने समस्त जिलावासियों एवं श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि दिनांक 31 दिसम्बर एवं 01 जनवरी 2026 को त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए स्थानीय टैक्सी वाहनों के अतिरिक्त शटल सेवा (कैंटर) संचालित की जाएगी। इस दौरान क्रछ्व-25 पंजीयन वाले चार पहिया वाहनों को छोडक़र सभी निजी वाहन, दोपहिया वाहन एवं पैदल दर्शनार्थियों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

## रणथम्भौर क्लीन इंटेंसिव अभियान का शुभारंभ

### पर्यटन क्षेत्र की स्वच्छता को लेकर यूआईटी सचिव गौरव बुड़ानिया की पहल

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल रणथम्भौर की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करने की दिशा में नगर विकास न्यास सचिव एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस गौरव बुड़ानिया की पहल पर रणथम्भौर क्लीन इंटेंसिव अभियान का शुभारंभ किया गया। मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय से कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रणथम्भौर रोड पर सफाई व्यवस्था को नियमित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। गौरव बुड़ानिया ने कहा कि स्वच्छता सीधे पर्यटन की छवि और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी है। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों से अभियान में सहयोग की अपील की थी, जिसके क्रम में टाइगर वॉच संस्था ने आगे बढक़र महत्वपूर्ण योगदान दिया। टाइगर वॉच संस्था द्वारा सीएसआर के तहत एक कचरा संग्रहण वाहन, वाहन चालक एवं दो महिला सफाईकर्मियों को प्रतिदिन निशुल्क रूप से अभियान में लगाया गया है। संस्था के 'क्लीन रणथम्भौर इनिशिएटिव' के अंतर्गत रणथम्भौर नेशनल पार्क की मुख्य सडक़ के दोनों ओर नियमित रूप से कचरा संग्रहण एवं उठाव किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर यूआईटी सचिव गौरव बुड़ानिया ने अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं से भी इस अभियान से जुडऩे का आह्वान किया। टाइगर वॉच निदेशक धर्मेन्द्र खांडल ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए स्वच्छता और संरक्षण के लिए निरंतर सहयोग का भरोसा जताया। यह अभियान न केवल पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता को नई गति देगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर जागरूकता और रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा।

## रणथंभौर दुर्ग में फिर टाईगर की दस्तक

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर के रणथम्भौर दुर्ग में मंगलवार को बाघ की उपस्थिति ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में यह वही बाघ है जिसने वर्ष 2025 में एक बच्चे, जैन मन्दिर के माली और एक वनकर्मी को अपना शिकार बना चुका है। बाघ की इस गतिविधि के कारण वन प्रशासन ने दर्शनार्थियों की सुरक्षा के लिए गणेश मन्दिर का रास्ता वर्ष भर में 2-3 बार बंद किया था। स्थानीय राजनेता और जिला प्रशासन के निर्देश पर दुर्ग की क्षतिग्रस्त दीवारों की मरम्मत कराई गई, जिसके लिए लाखों रुपये खर्च किए गए। इसके बावजूद आज बाघ के दुर्ग में घूमने से वनकर्मियों द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों की पोल खुल गई है। नव वर्ष के उपलक्ष्य में रणथम्भौर दुर्ग स्थित गणेश मन्दिर पर हजारों पर्यटक आते हैं। ऐसे में बाघ का दुर्ग में रहना बेहद घातक स्थिति पैदा कर रहा है। वन प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए आमजन से सुरक्षा नियमों का पालन करने को कहा है। इस घटना ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भय का माहौल उत्पन्न कर दिया है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघ की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। रणथम्भौर दुर्ग में बाघ की इस बार की उपस्थिति ने सुरक्षा के मौजूदा प्रबंधों की गंभीरता को उजागर कर दिया है और यह दर्शाता है कि पर्यटक एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है।

**आमजन शीत-घात को लेकर सतर्क रहें**

## जिला प्रशासन ने जन समुदाय को शीतलहर से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की

बढ़ता राजस्थान

टोंक (पुरूषोतम जोशी)। जिले में शीतघात के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनसमुदाय के लिए शीतलहर एवं शीत-घात के दौरान क्या करें, क्या न करें के निर्देष जारी किए है।

### शीत-घात से बचाव से लिए क्या करें और क्या न करें

स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी, समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया प्रकाशन का ध्यान रखें ताकि यह पता चल सके कि आगामी दिनों में शीत लहर की संभावना है या नहीं। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। कपड़ों की कई परतें अधिक सहायक होती है। आपातकालीन आपूर्ति जैसे भोजन, पानी, ईंधन, बैटरी, चार्जर, आपातकालीन प्रकाश, और साधारण दवाएं तैयार रखें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखे। फ्लू, जुखाम (नजला) जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती है। इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा चिकित्सक से परामर्श करें।

### शीत-घात के दौरान

मौसम की जानकारी तथा आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें एवं शासकीय एजेंसियों की सलाह के अनुसार कार्य करें। जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क को रोकने के लिए कम यात्रा करें। एक परत वाले कपडे की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपडे, हवा रोधी, सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म ऊनी दस्ताने, भीतरी कपडे पहने। तंग कपडे खून के बहाव को रोकते हैं इनसे बचें। शरीर की गर्मी बनाये रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उँगलियों को पर्याप्त रूप से ढके। अपने फेफड़ों को बचाने के लिए मुँह तथा नाक ढक कर रखें। शरीर की गर्मी बचाये रखने के लिए टोपी, हैट, मफलर तथा आवरण युक्त एवं जलरोधी जूतों का प्रयोग करें। सिर को ढके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है।

स्वास्थ्य वर्धक भोजन करें। पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं।

## च्यवन गौड ब्राह्मण समाज भगवतगढ थान एंव प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** च्यवन गौड ब्राह्मण समाज भगवतगढ थान एंव प्रतिभा सम्मान समारोह सचिव घनश्याम काँदला ने बताया कि 11 जनवरी 2026 को टोंक में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को सफल बनाने की तैयारियो को लेकर च्यवन गौड ब्राह्मण समाज भगवतगढ थान कार्यकारिणी एक मिटिंग आमचौरासी राष्ट्रीय कार्यकारिणी के साथ आम चौरासी अध्यक्ष श्रवण लाल शर्मा प्रहलादपुरा की अध्यक्षता में कृष्णा पैराडाईज गार्डन लहन रोड टोंक पर आयोजित की गई। मिटिंग में प्रतिभा सम्मान समारोह संरक्षक बाबूलाल शर्मा सेन्ट सोल्जर टोंक द्वारा आम चोरासी कार्यकारिणी के समक्ष प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 की तैयारियो के लेकर जानकारी दी । संयोजक हीरालाल शर्मा खरेडा द्वारा भगवतगढ थान में समाज की जनगणना के डाटा समाज को समजा की बेबसाईड पर अपलोड करने के संबंध में समाज बन्धुओ के समक्ष जानकारी दी गई । प्रतिभा सम्मान समारोह अध्यक्ष बंशीलाल शर्मा ने प्रतिभा सम्मान समारोह मे अधिक से अधिक समाज बन्धुओ को पहुँचने का संदेश देते हुए मिटिंग में पधारे सभी समाज बन्धुओ का आभार व्यक्त किया । मिटिंग मे आम चोरासी अध्यक्ष श्रवणलाल शर्मा प्रहलादपुरा, उपाध्यक्ष हनुमान हरिपुरा, महामंत्री कन्हैयालाल भाकरोटा, कोषाध्यक्ष रामफूल बराला, कार्यालय मंत्री घनश्याम बाजोलिया, बाबूलाल सेन्ट सोल्जर सहित अन्य समाजबन्धु उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब टोंक का शपथ ग्रहण समारोह मनाया

बढ़ता राजस्थान




**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** रोटरी क्लब टोंक के शपथ ग्रहण समारोह निजी गार्डन टोंक पर आयोजित किया गया। रोटरी क्लब, टोंक के वाइस चेयरमैन ब्रज मोहन गुप्ता ने बताया कि रोटरी इंटर नेशनल क्लब की गवर्नर जनरल प्रज्ञा मेहता ने रोटरी क्लब टोंक की नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण करवाया तथा रोटरी क्लब को अधिक से अधिक जन सेवा और पर्यावरण विकास के कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।सहायक प्रांतपाल भागचंद जैन द्वारा नवीन सदस्यों को रोटरी पिन लगाकर शपथ दिलाई गई। समारोह में क्लब अध्यक्ष युसुफ ऐजाजी,सचिव के ,आर खान, मोइन निज़ाम,बी एल वर्मा, कलीम अहमद,रवि जैन, प्रेमचन्द जैन,उमर खान, पी एल मीणा एवं इनर व्हील की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान शहर की जानी मानी हस्तियों का सम्मान भी किया गया तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मैडम के हाथों परिसर में 15 नए पौधों का पौधारोपण किया गया।मंच का संचालन रोटेरियन शैलेन्द्र गर्ग द्वारा किया गया। रोटरी क्लब, टोंक के वाइस चेयरमैन ब्रज मोहन गुप्ता ने बताया कि रोटरी इंटर नेशनल क्लब की गवर्नर जनरल श्रीमति प्रज्ञा मेहता ने रोटरी क्लब टोंक की नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण करवाया तथा रोटरी क्लब को अधिक से अधिक जन सेवा और पर्यावरण विकास के कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।सहायक प्रांतपाल भागचंद जैन द्वारा नवीन सदस्यों को रोटरी पिन लगाकर शपथ दिलाई गई। समारोह में क्लब अध्यक्ष युसुफ अजाजी,सचिव के आर खान, मोइन निज़ाम,बी एल वर्मा, कलीम अहमद,रवि जैन, प्रेमचन्द जैन,उमर खान, पी एल मीणा एवं इनर व्हील की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान शहर की जानी मानी हस्तियों का सम्मान भी किया गया।तथा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मैडम के हाथों परिसर में 15 नए पौधों का पौधारोपण किया गया।मंच का संचालन रोटेरियन शैलेन्द्र गर्ग द्वारा किया गया।

## टोडारायसिंह कस्बे के आबादी क्षेत्र आमसागर पर पेंथर की मूवमेंट



बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** वन विभाग की लापरवाही कस्बावासियों सहित आमजन का जीवन संकट में फंस गया है। वन विभाग ने बिना सुरक्षा के इंतजाम किए, कंजर्वेशन के मापदंड की अनदेखी कर पहाड़ पर आधा दर्जन से ज्यादा पैंथर छोड़ दिए, जिससे कस्बावासियों सहित आमजन सहमे हुए हैं। बीती देर रात पहाड़ की तलहटी के समीप आम सागर के आस पास पैंथर का मूवमेंट देखा गया। रात्रि को पुलिस गश्त कर रहे एएसआई रामनारायण गुर्जर ने पैंथर का मूवमेंट को देखते हुए मौके पर पहुंच कर आमजन को सावधान और सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। कस्बावासियों ने बताया कि वन विभाग ने बिना सुरक्षा इंतजाम किए ही पहाड़ और वन क्षेत्र में पैंथर छोड़ आमजन के जीवन को संकट में डाल दिया। यहां न तो सुरक्षा इंतजाम और नहीं सुरक्षा दीवार बनाई गई है। बीती शाम भी पहाड़ की तलहटी आम सागर के आस पास पैंथर का मूवमेंट देखने से कस्बावासी भयभीत हो गए हैं।

# डूंगरपुर को अलगाववाद का टापू बनाना चाहता है राजकुमार रोतः सांसद मन्नालाल रावत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिशा समिति, डूंगरपुर के सह अध्यक्ष सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने आरोप लगाया कि डूंगरपुर में दिशा बैठक के दौरान बीएपी के सांसद राजकुमार रोत व विधायक आसपुर ने अशोभनीय टिप्पणियां की, थप्पड़ मारने की कौशिश की, जान से मारने की धमकी दी और राजनीतिक छिछोरापन करने की कोशिश की। बीएपी नेताओं को डूंगरपुर और आदिवासी विकास से कोई मतलब नहीं था, बल्कि राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे शिविरों और विकास कार्यों को लेकर हल्की बयानबाजी की। यहां तक कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को लेकर बहुत निन्दाजनक टिप्पणी की।

सांसद डॉ रावत ने कहा कि बीएपी सांसद व विधायक के इसी रवैये को लेकर उन्होंने बैठक में खुलकर विरोध किया व मोदी जी की सरकार द्वारा निर्देशित एजेंडा पर ही चर्चा करने का आग्रह किया, जिस पर बीएपी के इन नेताओं ने बाहर निकल कर देखे लेने और अपशब्द कहकर धमकी दी।

सांसद डॉ रावत ने कहा कि बैठक में बीएपी नेताओं ने अनर्गल बातें की, धमकी दी और भारत सरकार जो दिशा बैठक की जो गाईडलाइन है उसकी भी अवहेलना की। हमने इसका प्रतिकार किया। बैठक शुरु होते ही सांसद राजकुमार रोत ने राजनीति और बेतुकी टिका टिप्पणी शुरु कर दी।

सांसद डॉ रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जनसमस्याओं के निवारण के लिए शिविर लगा रखे हैं। गांवों की छोटी-छोटी समस्याएं इससे ग्रामीणों की हल हो रही है, लेकिन सांसद राजकुमार रोत इन शिविरों को लेकर टिप्पणी करते रहे कि टेंट का पैसा का कहां से आ रहा है, खाने का पैसा कहां से आ रहा, ये हम लोगों का पैसा खर्च कर रहे हैं जबकि यह बैठक का एजेंडा ही नहीं था जो एक जनप्रतिनिधि के लिए अशोभनीय बात है। सांसद डॉ रावत ने कहा कि दिशा बैठक के लिए केंद्र सरकार ने 101 बिन्दू तय कर रखें हैं जिस पर चर्चा करके जनता के कल्याण व उनके हित के लिए जो कुछ हो सकता है उस पर निर्णय करें व अधिकारियों को निर्देश दें। लेकिन सांसद राजकुमार रोत केवल राजनीति और छिछोरी राजनीति पर उतर आए। जो एक आम आदमी के लिए भी असहनीय है।

## अरिहन्त मित्र मण्डल की ओर से नववर्ष पर हास्य कवि सम्मेलन 3 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अरिहन्त मित्र मण्डल उदयपुर की ओर से आगामी 3 जनवरी को नव वर्ष स्वागतम-2026 के स्वागत में भारतीय लोक कला मण्डल में अरिहंत काव्य निशा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सिंयाल ने बताया कि नव वर्ष पर हर आमजन को खुशियां देने एवं नवर्ष उनके लिये उज्वल हो, इस उद्देश्य से 3 जनवरी शनिवार को हास्य कवि सम्मेलन का अयोजन होगा। जिसमें हास्य कवि अरूण जेमिनी, वीर रस के कवि विनीत चैहान,श्रृगार रस की कवियित्री पद्मिनी शर्मा,हास्य कवि दिनेश देसी घी,हेमन्त पाण्डे, हास्य कवि कानू पण्डित,राधिका मित्तल एवं सूत्रधार शहर के राष्ट्रीय कवि राव अजात शत्रु होंगें। महामंत्री जयप्रकाश बोबल ने बताया कि कवि सम्मेलन नि:शुल्क रहेगा लेकिन प्रवेश पास के जरिये होगा। उन्हेंने बताया कि हिरण से. 3 के 51 धर्म प्रेमी सदस्यों के साथ अरिहंत मित्र मंडल का गठन दो वर्ष पूर्व किया गया था। इस संगठन को बनाने का मूल उद्धेश्य जैन धर्म के सिद्धांतो की पालना करते हुए ग्रुप के सदस्यों की छुपी हुयी प्रतिभाओं को बाहर निकालना सभी सदस्यों में लीडरशिप स्किल डेवेलप करना सामाजिक एवं सोहार्दपूर्ण कार्य करना, रक्तदान,मानव सेवा, जीव दया आदि है, जिसके तहत विगत दो वर्षो में कई सामाजिक एवं धार्मिक कार्य किये गए।

कोषाध्यक्ष रमेश ओस्तवाल ने बताया कि इसी कड़ी में अरिहंत मित्र मंडल द्वारा समाज में सांस्कृतिक चेतना एवं साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उक्त एक कवि सम्मलेन का अयोजन किया जा रहा है। जिसमे देश के विभिन्न अंचलों से प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं लोकप्रिय कविगण अपनी उपस्थित दर्ज कराऐंगे।

## जामोतरा के अक्षत बने एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर

बढ़ता राजस्थान



**सिरोही ( नि.स. )।** समीपवर्ती जामोतरा गांव के अक्षत रावल ने परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर एआई सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने में सफलता हासिल की है। इससे गांव में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता श्रीमती उर्मिलाबेन सूरजकुमार को दिया है। साथ ही परिवार से मिले संस्कार, अनुशासन व शिक्षा के प्रति प्रेरणादायक मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गुजरात के सूरत में हुई। फिलवक्त वे न्यूयॉर्क की एक प्रतिष्ठित कंपनी से जुड़कर वैश्विक तकनीकी मंच पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि समाज के युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

## अनूपगढ़ के मनन भोजक का राजस्थान पुलिस में चयन, जनरल कैटेगरी में मिली 22वीं रैंक

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के घोषित परिणामों में अनूपगढ़ निवासी पत्रकार नरेंद्र भोजक के भतीजे एवं अशोक भोजक के पुत्र मनन भोजक ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता अर्जित की है। मनन ने जनरल कैटेगरी से 22वी रैंक प्राप्त कर पूरे राजस्थान में गौरव बढाया है। उनका चयन पद्मिनी बटालियन, सीकर के लिए हुआ है। गौरतलब है कि मनन भोजक के दादा स्वर्गीय कन्हैया लाल भोजक राजस्थान पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर अपनी सेवाएँ देते हुए सेवानिवृत्त हुए थे। मनन के फाइनल सिलेक्शन और प्रदेश स्तर पर उच्च रैंक प्राप्त करने पर उनके परिजनों ने खुशी जाहिर की।

# सांसद ने करवाई जांच

# संदेह के दायरे में आई रिपोर्ट

- वापस करवाएंगे जांच पर इस बार कमेटी गठित करने के निर्देश
- बनास स्थित सीमेंट इकाई पर लीज से बाहर खनन का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( जीतेश रावल )।** बनास के समीप जेके लक्ष्मी सीमेंट इकाई पर लीज से बाहर खनन किए जाने का आरोप लगाया गया है। आवंटित जगह से बाहर खनन का मामला प्रकाश में आने के बाद खनिज विभाग ने जांच करवाई, लेकिन जांच रिपोर्ट ही संदेह के दायरे में आ गई।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने ही कुछ माह पहले जिलास्तरीय अधिकारियों की एक बैठक में यह मामला उठाते हुए सीमेंट इकाई पर लीज क्षेत्र से बाहर खनन का आरोप लगाया था। इस सम्बंध में खनिज विभाग अधिकारी को जांच के निर्देश दिए गए। जांच के बाद आई विभागीय रिपोर्ट में बताया गया कि इकाई अपने निर्धारित खसरों में ही खनन करवा रही है। उधर, सांसद ने इस रिपोर्ट को संदेहास्पद बताते हुए वापस जांच के निर्देश दिए है। इस बार जांच के लिए कमेटी गठित की गई है।

### विभाग ने जांच में दे दी क्लीनचिट

सांसद ने अपनी ओर से कुछ ऐसे प्वाइंट्स बताए थे, जिनमें अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। यह भूमि लीज क्षेत्र से बाहर की बताई गई थी। खनिज विभाग ने इसमें जांच शुरू की तथा रिपोर्ट तैयार कर भेज दी। इसमें बताया कि सीमेंट प्लांट इकाई अपने निर्धारित लीज क्षेत्र में ही खनन कर रही है। अवैध खनन का मामला नहीं है।

### इसलिए कहीं न कहीं झोल जरूर है

सांसद की ओर से बताए गए प्वाइंट्स व जांच के दौरान खनिज विभाग के सामने आए प्वाइंट्स में विरोधाभास हो रहा है। ऐसे में तय है कि आरोप हो या जांच, मामले में कहीं न कहीं झोल जरूर है। चाहे जो हो, लेकिन दोनों ही पक्ष अपने-अपने मुद्दे पर कायम है। सांसद जहां लीज से बाहर खनन करना बता रहे हैं वहीं, खनिज विभाग अधिकारी यही कह रहे हैं कि निर्धारित क्षेत्र में ही खनन हो रहा है।




### सिरे से नकार दिए सांसद के प्वाइंट्स

सांसद ने कुछ माह पहले एक बैठक में यह मामला उठाते हुए खनिज विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। विभाग ने उनके बताए गए प्वाइंट्स को एक तरह से नकार ही दिया। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि इकाई निर्धारित क्षेत्र में ही खनन कर रही है। ऐसे में सांसद की ओर से बताए गए प्वाइंट्स खारिज हो गए। अब सांसद ने इस रिपोर्ट को ही गलत माना है तथा कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए हैं।

### कमेटी गठित की है...

सांसद के निर्देश पर लीज क्षेत्र से बाहर खनन मामले की जांच की गई थी, उसमें अवैध खनन की बात सामने नहीं आई थी। दोबारा जांच की जाएगी, जिसके लिए कमेटी गठित की गई है।

*- चंदनकुमार, खनिज अभियंता, सिरोही*




## उदयपुर के युवा उद्यमी प्रवीण सुथार को मिला लाइन प्राइड अवॉर्ड 2025

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान एवं राजस्थान में सामाजिक कार्यों के लिए उदयपुर के युवा उद्यमी प्रवीण सुथार को लायंस क्लब जयपुर हवामहल द्वारा लाइन प्राइड अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर बाजपेई, अध्यक्ष अंकित खंडेलवाल एवं क्लब एडमिनिस्ट्रेटर कैलाश खंडेलवाल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने प्रवीण सुथार के उद्योग एवं समाजसेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। पुरस्कार प्राप्त करने पर सुथार ने लायंस क्लब का आभार व्यक्त करते हुए समाज के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

## हजारों समर्थकों के बीच मना सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा का जन्मदिन, भाजपा सरकार पर साधा तीखा निशाना



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 स्थित एक निजी गार्डन में कांग्रेस नेता ओपी बायला के नेतृत्व में जयपुर ग्रामीण सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा का जन्मदिन मंगलवार को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बधाई देने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं आमजन की बड़ी भीड़ उमड़ पड़ी। कोटपूतली जाते समय अनिल चोपड़ा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। समर्थकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर, माला व साफा पहनाकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और दीर्घायु की कामना की। निजी गार्डन में आयोजित स्वागत समारोह में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। समारोह को संबोधित करते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद प्रत्याशी अनिल चोपड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार गरीब, किसान, छात्र, युवा, मजदूर, दलित, शोषित, वंचित और पीड़ित वर्गों के हितों पर लगातार कुठाराघात कर रही है। प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध का बोलबाला है, जिससे आमजन त्रस्त है। चोपड़ा ने कहा कि वे जयपुर ग्रामीण क्षेत्र की जनता के अधिकारों और विकास के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ नेता शिम्भु दयाल हाडिया, डेलिगेट दशरथ यादव, महेंद्र यादव, सरपंच राजू धनकड़, जुगल यादव, राजेंद्र यादव, दुलीचंद जांगिड़, गणेश सैनी, लोकेश यादव, जितेंद्र यादव, राकेश मीणा, भीमसिंह गढ़वाल, रवि सैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में ब्लॉकवार श्री अन्नपूर्णा रसोईयों के नवीन आवंटन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने ब्लॉक वार अन्नपूर्णा रसोईयों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन अन्नपूर्णा रसोईयों का कार्यकाल पूर्ण हो गया है और जो नई रसोईयों का संचालन करना चाहते हैं, उनका नियमानुसार आवंटन किया जाये। पूर्व में चल रही रसोईयों की खाने की गुणवत्ता, साफ-सफाई, पिछले रिकॉर्ड को देखते हुए आवंटन किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अन्नपूर्णा रसोई की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत सभी ईओ को साफ-सफाई व्यवस्था को नियमित बनाये रखने, शहरी समस्या समाधान शिविरों में प्राप्त प्रकरणों को नियमानुसार निस्तारण करने, गौशाला, रैन बसेरा के निरीक्षण करने के निर्देश दिये। श्रीगंगानगर बस स्टैण्ड पर संचालित अन्नपूर्णा रसोई में टोकन बढ़ाने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। पौधारोपण, सौंदर्यकरण एवं सड़कों की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), बेसहारा पशुओं और श्वानों की समस्या को प्रभावी कार्य योजना बनाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



बैठक में एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, नगर परिषद आयुक्त श्री रविन्द्र यादव, ईओ सूरतगढ़ श्रीमती पूजा शर्मा, ईओ विजयनगर मिलखराज, ईओ करणपुर श्री संदीप कुमार, ईओ पदमपुर श्री देवेन्द्र कौशिक, ईओ गजसिंहपुर लाजपत बिश्नोई, ईओ सादुलशहर मुकेश कुमार, ईओ अनूपगढ़, कोषाधिकारी मनोज मोदी सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पोषण अभिसरण समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण अभिसरण समिति की बैठक एडीएम राजेश गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य कार्मिकों के साथ में योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी, पोषण एवं क्षमतावर्धन आदि विषयों पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। विभाग के उप निदेशक घेवर राठौड़ ने विभागीय योजनाओं की प्रगति पर जानकारी दी।

## उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने किया उड़ान टीम दौड़ प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** उपखंड के ग्राम भूरी भड़ाज में उड़ान टीम एवं जनसेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली दौड़ प्रतियोगिता के 9वें संस्करण के पोस्टर का विमोचन उपखंड अधिकारी डॉ साधना शर्मा ने किया। डॉ शर्मा ने कहा कि खेलों से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को आने वाली सेना भर्तियों में बहुत लाभ मिलता है। कार्यक्रम संयोजक भाई हरिद्वारीलाल स्वामी ने बताया कि उड़ान टीम द्वारा प्रतिवर्ष समय समय पर ऐसे आयोजन किए जाते हैं जिसमें बड़ी संख्या में युवा भाग लेते हैं।इस अवसर पर कैलाश सैनी,मोहनलाल सैनी,जयराम सिंह,देवेंद्र सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## स्ट्रीट लाइट बंद, अंधेरे में डूबा मुख्य बाजार मार्ग : नगर पालिका की लापरवाही से आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में सुविधाओं के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कार्यों के अभाव में यही सुविधाएं अब आमजन के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही हैं। नगर पालिका की उदासीन कार्यशैली का ताजा उदाहरण प्रागपुरा पुलिस थाने के सामने से मुख्य बाजार की ओर जाने वाला मार्ग है, जहां महीनों से बुनियादी सुविधा भी नदारद है। पालिका शहर के स्थानीय निवासी लालचंद मेहरा ने बताया कि किरो के मोहल्ले की इस व्यस्त आम सड़क पर लगे तीन विद्युत पोलों की स्ट्रीट लाइटें पिछले करीब छह माह से पूरी तरह बंद पड़ी हैं। इसके बावजूद अब तक न तो नगर पालिका ने इनकी सुध ली और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी ने मौके पर निरीक्षण करना जरूरी समझा। रात के समय इस मार्ग पर घना अंधेरा छा जाता है, जिससे राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, वहीं असामाजिक तत्वों का डर भी लोगों को सताने लगा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह रास्ता पुलिस थाने के ठीक सामने होने के बावजूद उपेक्षा का शिकार है, जो नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका प्रशासन तत्काल प्रभाव से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाए और भविष्य में नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए बार-बार आवाज न उठानी पड़े। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ सकता है।

# 2571 मतों की ऐतिहासिक जीत के बाद पावटा में सत्यम सुरेलिया का भव्य स्वागत

## समर्थकों ने कहा यह समाज की एकता की जीत

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के मुख्य बस स्टैंड स्थित बालाजी मेघा मार्ट के सामने मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता एवं नवनिर्वाचित राजस्थान नाथ समाज प्रदेश अध्यक्ष सत्यम सुरेलिया का जोरदार स्वागत-अभिनंदन किया गया। ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के बीच आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और समाजजनों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न नाथ समाज के प्रदेश स्तरीय चुनाव में सत्यम सुरेलिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 2571 मतों के भारी अंतर से पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस जीत के बाद कोटपूतली जाते समय पावटा बस स्टैंड पर पहुंचने पर समाज के लोगों ने उन्हें साफा पहनाकर, माला अर्पित कर भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर सत्यम सुरेलिया ने उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे नाथ समाज की एकता, विश्वास और संगठन की जीत है। उन्होंने कहा कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलेंगे और शिक्षा, रोजगार, सामाजिक उत्थान व युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नाथ समाज की पहचान को और मजबूत करना, समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना तथा संगठन को प्रदेशभर में सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में मौजूद समाजजनों और समर्थकों ने सत्यम सुरेलिया के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से नाथ समाज को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। स्वागत समारोह के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल बना रहा।

# किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में अन्नदाता हुंकार रैली में प्रदेश भर के जुटे किसान

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,(पुरूषोतम जोशी) ।** किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में देश की खाद्य सुरक्षा के महत्व को देखते हुए कृषि भूमियों को संरक्षित रखते हुए खेत को पानी- फसल को दाम- युवाओं को काम के लिए किसान केंद्रित राजनीति एवं ग्राम आधारित अर्थरचना हेतु अन्नदाता हुंकार रैली जयपुर के बाईस गोदाम मैदान में संपन्न हुई । इसमें प्रदेश भर के किसानो ने अपने-अपने खर्चे से वाहनों द्वारा जयपुर पहुचे । इसमें भोजन का प्रबंध भी भागीदारी करने वाले किसानो ने किया था । यह रैली राजनैतिक दलों अथवा नेताओं द्वारा आयोजित होने वाली रैलियों से भिन्न थी क्योंकि ऐसी रैलियों के लिए वे भीड़ जुटाने के लिए अपनी ओर से पैसा खर्च करते है । उन रैलियों में आना फ्री, जाना फ्री, खाना फ्री वाले लोग ही भागीदारी करते है ।

इस रैली में 2 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गए, जिनमे से एक प्रस्ताव उपनिवेशवाद को पोषित करने वाली पूंजीवादी एवं सामंती व्यवस्था के कारण गांव से लघु एवं कुटीर उद्योगों को समाप्त करने वाली नीति अपनाई जाने को बेरोजगारी की विकरालता बढाने के लिए उत्तरदायी माना । इसी के कारण युवाओं के देश भारत में युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, वे तनाव में है, उनके परिजन चिंतित है। जैसे - 24 लाख आवेदन करने वालों में से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 53,000 ही बनेंगे, शेष लगभग साढ़े 23 लाख युवा तो भटकते ही रहेंगे। इसका समाधान शहर एवं गांव के मध्य संसाधनों के बंटवारे में चल रहे भेदभाव एवं पक्षपात को समाप्त कर गांवो में स्वायत्तता के अंतर्गत ग्राम उद्योगों को बढ़ावा एवं कृषि उपज के लाभकारी दाम देने को बताते हुए प्रतिभाओं सहित अन्य ग्रामीणों का पलायन रोकने के लिए कारगर बताया। इसी प्रस्ताव में भारत माला परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माणों को दोहरे मापदंडों का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। जिसमे प्रकट किया गया कि एक ओर तो सरकार के चहेते मु_ी भर पूंजीपतियों के लिए दूरी घटाकर यात्रा का समय कम करना चाहती है । दूसरी ओर देश के पेट भरने वाले किसानो को खेतों तक कृषि कार्य हेतु जाने की दूरी, समय एवं लागत बढ़ाने को अनदेखा कर रही है । इनके अतिरिक्त सभा को प्रदेश संयोजक सत्यनारायण सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोताश बोहरा, महासचिव अकबर खान, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दी लाल यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष छीतर लाल गुर्जर, महामंत्री सुंदर लाल भावरिया एवं जगदीश नारायण खुडियाला, प्रदेश मंत्री मनजिंदर सिंह अटवाल एवं ज्ञान सिंह मीना, प्रदेश मिडिया प्रभारी सुरेश बिजारनिया, प्रदेश अध्यक्षों में वीरेन्द्र क्रन्तिकारी, हेमराज पटेल एवं भरत डागुर, जिला उपाध्यक्ष तहसील अध्यक्षों में रतन लाल बटेसर, शेर सिंह दहिया, जिला महामंत्रियों में कजोड धाकड़ एवं हनुमान डीडवाडा, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार, शिक्षाविद प्रोफ़ेसर गोपाल मोदानी, नगर पालिका शाहपुरा के पूर्व अध्यक्ष परमानन्द पलसानिया, सामाजिक कार्यकर्त्ता श्रीमति कृष्णा आदि ने संबोधित करते हुए सफलता तक कमाई छोड़ कर लड़ाई करने का परामर्श दिया । इस रैली में मध्यप्रदेश से किसान महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष राजेश धाकड़ तथा हरियाणा से स्वामी ओम दत्त ने भी भागीदारी करते हुए रैली को प्रभावी बनाने के लिए बधाई दी । रैली के कार्यक्रम का सञ्चालन प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बैरवा ने किया । रैली की व्यवस्था युवा प्रदेश महामंत्री पिंटू यादव ने की । इस रैली में नए पुराने कार्यकर्ताओं सभी ने भागीदारी की । 3 अक्टूबर को हुई वार्ता की पालना में सरकार द्वारा सार्थक कार्यवाही नहीं करने से कुपित किसानो ने मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच किया गया जिसे पुलिस द्वारा रोक दिया गया उसके बाद मुख्य सचिव से 5 सदस्यीय शिष्ट मंडल की वार्ता हुई ।

## राज. सरकार की तारबंदी योजना किसानों की फसलों हेतु बन रही सुरक्षा कवच



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नीलगाय एवं निराश्रित पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए चलाई जा रही तारबंदी योजना किसानों वर्ग के लिए फसल सुरक्षा कवच के रूप में साबित हो रही हैं। राजस्थान सरकार किसानों को खेत की तारबंदी (फेसिंग) के लिए प्रति कृषक अधिकतम 400 मीटर तक वित्तीय सहायता के रूप में अनुदान देती हैं।जिसके अंतर्गत क्षैत्र के ग्राम भादसोड़ा निवासी लाभांवित कृषक मोहनलाल ने बताया कि तारबंदी योजना फसल सुरक्षा कवच हैं।साथ ही सुरक्षा से फसल उत्पादन में वृद्धि होगी।सामाजिक युवा कार्यकर्ता राधे सुथार ने बताया कि यह योजना किसानों को आर्थिक मदद देकर खेत के रख-रखाव में सहायक है।

## निर्वाचन प्रक्रिया बाद साकेत साहित्य संस्थान राजसमंद की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन




बढ़ता राजस्थान

**कपासन/राजसमंद (नि.स.)।** साकेत साहित्य संस्थान राजसमंद की आगामी दो वर्ष 2026-27 तक की जिला कार्यकारिणी के चुनाव जिला सूचना केन्द्र सभागार में सम्पन्न हुवे। निर्वाचन अधिकारी मुकेश वैष्णव ने बताया कि सर्वसम्मति से साकेत साहित्य संस्थान राजसमंद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है।जिसमे जिला अध्यक्ष वीणा वैष्णव,उपाध्यक्ष नारायण सिंह राव,महासचिव कमल अग्रवाल,संगठन सचिव बख्तावर सिंह चुंडावत,कोषाध्यक्ष राधेश्याम राणा सहित कार्यकारिणी सदस्य पद पर दिनेश कुमार सालवी,अन्नु राठौड़ (रुद्रांजली),चंद्रशेखर नारला,सम्पतलाल रेगर को निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान निर्वाचन अधिकारी मुकेश वैष्णव द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गयी।साथ ही इस मौके पर संस्थान के एक दिवसीय वार्षिक अधिवेशन का निवर्तमान अध्यक्ष पूरण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।जिसमे संरक्षक विजय सिंह राव,उपाध्यक्ष नारायण सिंह राव,महासचिव कमल अग्रवाल,अशोक कुमार खटीक आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## संभागीय आयुक्त पूनम बुधवार को करेंगी दूदू एवं बगरू विधानसभा क्षेत्रों का दौरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** संभागीय आयुक्त पूनम बुधवार, 31 दिसंबर को बतौर रोल ऑब्ज़र्वर जयपुर जिले की बगरू एवं दूदू विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगी। इस दौरान वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगी। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से संवाद भी करेंगी। बगरू विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी श्रीमती संघमित्रा बरडिय़ा ने बताया कि संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम बुधवार को प्रात: 11 बजे बगरू तहसील में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण करेंगी। इस अवसर पर वे मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों एवं आपत्तियों की सुनवाई भी करेंगी। इसी क्रम में दूदू विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी श्री रमेश कुमार ने बताया कि संभागीय आयुक्त श्रीमती पूनम बुधवार को दोपहर 1 बजे दूदू विधानसभा क्षेत्र में कार्यालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दूदू में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण करेंगी। इस दौरान मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों एवं आपत्तियों की सुनवाई के साथ-साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, बूथ लेवल अधिकारियों से संवाद तथा अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा भी की जाएगी।

## मीडिया समाज में शांति, एकता और विश्वास की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गांधीनगर की ओर से मीडिया एवं पत्रकारों के सम्मान में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में शांति, एकता और विश्वास के मूल्यों को सशक्त करते हुए सकारात्मक, मूल्यनिष्ठ एवं जनकल्याणकारी पत्रकारिता को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने प्रभावशाली एवं अनुशासित ढंग से किया। संस्था का परिचय ब्रह्माकुमारी लवीना बहन द्वारा दिया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा समाज में शांति, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों एवं पत्रकार बंधुओं का आत्मीय स्वागत ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एस.डी. वैष्णव सुखवाल, अध्यक्ष - सुखवाल समाज,सीए डॉ. अर्जुन मूंदड़ा, एवं अर्बन बैंक की एमडी श्रीमती वंदना वजीरानी उपस्थित रहीं।

## अलवर में 12 साल की बच्ची की खेलते-खेलते मौत:पिता बोले- कोई बीमारी नहीं थी, समझ नहीं आया क्या हुआ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में एक 12 साल की बच्ची की सोमवार रात करीब 8 बजे खेलते-खेलते मौत हो गई। मौत का कारण अभी सामने नहीं आया है। परिवार का कहना है कि बेटी को कोई बीमारी नहीं थी। समझ नहीं आया कि क्या हुआ। मृत बच्ची भूमिका के पिता मनोज कुमार ने बताया- बेटी सोमवार शाम को घर के बाहर अपनी बड़ी बहन के साथ खेल रही थी। तभी अचानक बड़ी बेटी दौडक़र आई कि भूमिका गिर गई। उठ नहीं रही। उसे जाकर देखा तो बेहोश मिली। घटना के तुरंत बाद अलवर जिला हॉस्पिटल लेकर आए। करीब 20 से 30 मिनट में अस्पताल पहुंच गए थे। यहां आने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बच्ची के पिता मनोज के तीन बेटियां हैं। मनोज कुमार चूड़ी मार्केट में मजदूरी का काम करते हैं। पिता का कहना है कि बेटी को कोई बीमारी नहीं थी। अचानक गिरने से एक बार लगा मिर्गी आ गई होगी। कुछ ही मिनट के बाद डॉक्टर ने मृत बता दिया। समझ नहीं आया कि क्या हुआ।

# हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर परियोजनाओं से वर्ष 2025 में 23 लाख से अधिक लोग लाभान्वित

### सामुदायिक पहल के लिए 2362 गावों में 273 करोड़ से अधिक का निवेश

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा सीएसआर की पहलों के माध्यम से प्रदेश में समुदाय विकास को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। वर्ष 2025 में अलग अलग सामुदायिक पहल के माध्यम से 23 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए। कंपनी ने इस दौरान 2362 गावों में 273.45 करोड़ का कुल निवेश कर लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया, जिससे राजस्थान और उससे आगे दीर्घकालिक, स्थायी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया। हिन्दुस्तान जिंक की रणनीति आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पानी, सामुदायिक संपत्ति निर्माण, महिला सशक्तिकरण और खेल को मजबूत करके आत्मनिर्भरता बनाने पर केंद्रित है। वर्ष के दौरान,एकीकृत कार्यक्रमों के माध्यम से 6.54 करोड़ महिलाओं और बच्चों को लाभ हुआ। इस दृष्टिकोण के केंद्र में समाधान, हिन्दुस्तान जिंक की प्रमुख कृषि-आजीविका पहल है, जिसने किसानों को निर्वाह कृषि से स्थायी कृषि-उद्यमिता की ओर बढने में सक्षम बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्थापना के बाद से, इस कार्यक्रम के तहत 1.4 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ है, जिसमें विविध खेती के माध्यम से ?192 करोड़ से अधिक की आय हुई है। आजीविका सृजन के पूरक के रूप में, हिन्दुस्तान जिंक के जिंक कौशल कार्यक्रम ने कौशल प्रशिक्षण को उद्योग की मांग के साथ जोडक़र ग्रामीण युवाओं के बीच रोजगार क्षमता को मजबूत किया। स्थापना के बाद से, राजस्थान में 9,500 से अधिक युवाओं को उद्योग-प्रासंगिक प्रशिक्षण दिया गया है, जिसे ?23 करोड़ के निवेश द्वारा समर्थित किया गया है और 49 प्रतिशत महिला भागीदारी हासिल की गई है। अन्य पहलों के साथ, हिन्दुस्तान जिंक फुटबॉल अकादमी के माध्यम से खेलों का बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। एक लॉन्ग-टर्म, आवासीय और शिक्षा-एकीकृत मॉडल पर बनी, एआईएफएफ से 3 स्टार मान्यता प्राप्त अकादमी ने ग्रामीण और वंचित समुदायों के प्रतिभाशाली युवाओं को संरचित पेशेवर कोचिंग, शैक्षणिक सहायता और खेल कौशल प्रदान किया। इस पहल ने देश की पहली पूरी तरह से समर्पित बालिकाओं की अकादमी के पहले बैच का भी मील का पत्थर स्थापित किया। महिला सशक्तिकरण हिन्दुस्तान जिंक के सामुदायिक विकास की एक आधारशिला बना है, सखी पहल, जिसने 2,167 सेल्फ-हेल्प ग्रुप, फेडरेशन, गांव के संगठनों और एमएसएमई के जरिए 25,000 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया।

## श्रमिकों की आवाज़ को मजबूती देने जुटा संगठन, श्रम महापंचायत की तैयारियाँ तेज



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर आगामी 3 एवं 4 जनवरी को ब्यावर में आयोजित होने जा रही राजस्थान इंटक की प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मेलन (श्रम महापंचायत) को लेकर तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय श्री सीमेंट मजदूर संघ इंटक की एक महत्वपूर्ण सभा संगठन अध्यक्ष दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई सभा में सम्मेलन की विभिन्न तैयारियों, सभा स्थल की व्यवस्थाओं तथा आगंतुक अतिथियों एवं प्रदेशभर से आने वाले श्रमिक प्रतिनिधियों की उत्तम सुविधा को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु गठित आवास समिति, भोजन समिति, पांडाल समिति, मंच समिति, स्वागत समिति, पंजीयन समिति एवं प्रचार-प्रसार समिति में संघ के सक्रिय कार्यकर्ताओं के नाम चयन कर प्रेषित किए गए बैठक के पश्चात सभा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा संबंधित समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि सम्मेलन को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय रूप से संपन्न कराया जा सके बैठक में हनुमान जांगिड़, सलिम काठात, सरदारा काठात, हुसैन काठात, मेवा काठात, जब्बार काठात, गोविन्द मेघवंशी, रज्जाक मोहम्मद, हमीद काठात, रेहमान काठात, मजीत काठात, इस्माईल काठात, मकबूल काठात, ध्यानू काठात, मदन काठात, अनवर काठात, रमेश काठात सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे और सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया सभा में श्रमिक एकता, संगठन की मजबूती एवं श्रमिक हितों की आवाज़ को बुलंद करने पर विशेष जोर दिया गया।

## विधायक खेल विकास योजना के तहत भीलवाड़ा में हॉकी का रोमांच

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** शहर के खेल प्रेमियों और उभरते हॉकी खिलाडिय़ों के लिए नए वर्ष की शुरुआत खेल के उत्साह और रोमांच के साथ होने जा रही है। शहर विधायक अशोक कोठारी की 'खेलेंगे तो खिलेंगे' भीलवाड़ा विधायक खेल विकास योजना के अंतर्गत आगामी 3 से 5 जनवरी तक 'संजय सरीन मेमोरियल भीलवाड़ा हॉकी लीग-2026' का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता प्रतापनगर स्कूल ग्राउंड पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विधायक खेल विकास योजना के 6 सेंटरों से जुड़े करीब 120 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। लीग में कुल 12 टीमें मैदान में उतरेंगी, जिन्हें सीनियर, जूनियर एवं ग्रासरूट वर्गों में विभाजित किया गया है।

आयोजन सचिव अजीत जैन और विवेक निमावत ने बताया कि प्रतियोगिता में शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों व संस्थानों के नाम से 12 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें श्रीजी पब्लिक स्कूल, मैक्स माउंट स्कूल, वेदांत इंटरनेशनल स्कूल, ब्रिटिश स्कूल, राइट चॉइस स्कूल, महाप्रज्ञ स्कूल, लोटस वैली स्कूल, एनबी फैशन, ऋषभ टेक्सटाइल, सेवा सदन स्कूल, न्यू टिनी स्कूल और स्टीवर्ट मॉरिस स्कूल शामिल हैं।

# निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण जलभराव के स्थायी समाधान के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और पटरी-पार क्षेत्र के निवासियों को राहत देने के उद्देश्य से भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने सुखाडिया सर्किल के समीप निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज का निरीक्षण किया। विधायक की अनुशंसा पर नगर विकास न्यास द्वारा बनाए जा रहे सी.सी. रोड के कार्य का मौके पर पहुंचकर बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विधायक कोठारी ने निर्माण गुणवत्ता की जांच करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सी.सी. रोड का कार्य युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके। साथ ही मानसून एवं सामान्य दिनों में अंडरब्रिज में होने वाले जलभराव की समस्या के स्थायी तकनीकी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे भविष्य में वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। विधायक कोठारी ने कहा कि अंडरब्रिज के पूर्ण रूप से चालू होने पर पटरी-पार की विभिन्न कॉलोनियों के हजारों निवासियों को शहर के मुख्य हिस्से तक आवागमन में सुविधा मिलेगी। इससे समय की बचत होगी और शहर के अन्य मार्गों पर यातायात दबाव भी कम होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इन परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग स्वयं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान एडवोकेट अर्पित कोठारी, गजेन्द्र सिंह राठौड़, सत्य नारायण गुग्गड, दिनेश सुथार, करण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

**अरावली की रक्षा के लिए युवा शक्ति की हुंकार**

# बचाओ पदयात्रा'कलेक्ट्रेट के बाहर ज्ञापन रख किया दंडवत प्रणाम

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में गलत तथ्य पेश कर अरावली पर्वतमाला को खनन माफिया को सौंपने की नीति के विरोध में मंगलवार को निंबाहेड़ा में युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई द्वारा निंबाहेड़ा से चित्तौडग़ढ़ तक की 35 किलोमीटर लंबी'अरावली बचाओ पदयात्रा' निकाली गई। यह पदयात्रा राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की प्रेरणा से पेच एरिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ हुई जो मांगरोल, सतखंडा, शंभूपुरा होते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंची।

### अरावली संरक्षण के संकल्प के साथ निकली पदयात्रा

पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में गलत तथ्य पेश कर अरावली पर्वतमाला का नैतिक दोहन करने के विरोध में, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने तथा सरकार का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट करना रहा। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता से पदयात्रा ने जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर लिया।

### कांग्रेस नेतृत्व और जनप्रतिनिधियों की रही उल्लेखनीय उपस्थिति

इस पदयात्रा में चित्तौडग़ढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोदसिंह सिसोदिया, सरस डेयरी चेयरमैन बद्रीलाल जगपुरा, छोटीसादड़ी पंचायत समिति उप प्रधान विक्रम आंजना, निंबाहेड़ा नगर कांग्रेस संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, निंबाहेड़ा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, अग्रिम संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने'अरावली बचाओ', निंबाहेड़ा से आई आवाज केंद्र सरकार मुर्दाबाद, लालों में लाल है भैया उदयलाल है, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद जैसे जोशीले नारों के माध्यम से जनचेतना जगाने का प्रयास किया। शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची जिससे आमजन का भी व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। पदयात्रा पश्चात सभी कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय में धरने पर बैठे जहां वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी कार्यकर्ताओं की इच्छा थी कि वह निंबाहेड़ा से चित्तौडग़ढ़ जिला कलेक्टर कार्यालय तक 35 किलोमीटर पैदल चलकर आए हैं तो जिला कलेक्टर अथवा उनका कोई प्रतिनिधि उनका ज्ञापन नीचे आकर ले ताकि सभी कार्यकर्ता अपनी बात उनके समक्ष रख सके परंतु जिला कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार पर ही ज्ञापन को रखकर दंडवत प्रणाम कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कन्हैया वैष्णव, कार्यकारी अध्यक्ष संजय राव, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम अहीर, जीवन आंजना, कमलेश धाकड़, पिंकेश जैन, आजाद बापूलाल जाट, जगदीश मीणा, गुलाब धाकड़, निंबाहेड़ा युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत जाट, छोटीसादड़ी युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गुर्जर, निंबाहेड़ा नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोमिल चौधरी, छोटीसादड़ी नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुमित चपलोत, सहित सैकड़ो कार्यकर्तागण एवं आमजन उपस्थित थे।

## जिला बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण कमेटी की बैठक

# बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित लेबों एवं अस्पतालों पर होगी कार्रवाई



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय बायोमेडिकल वेस्ट निस्तरण एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट तथा जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण एवं बायो मेडिकल वेस्ट रूल्स 2016 की अनुपालना के बारे में चर्चा की गई। इसके साथ ही सीएमएचओ को जिले में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित प्राईवेट अस्पतालों एवं लेबो पर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ असित श्रीवास्तव, अरविन्द भारद्वाज, आईएमए के अध्यक्ष डॉ राकेश सोलंकी, जिला आरबीएम अस्पताल से डॉ प्रणव गुप्ता, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कहा कि जो प्राइवेट अस्पताल एवं प्राइवेट लैब क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन नहीं करवा रहे है उनको नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल एवं लैब से उत्पन्न हुए बायोमेडिकल वेस्ट को नियमानुसार सीटीएफ कनेक्टिविटी के तहत निस्तारण करना ही होगा।

### क्या है बायो-मेडिकल वेस्ट

बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट (जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन) का मतलब अस्पतालों, क्लीनिकों और रिसर्च सेंटरों से निकलने वाले संक्रमित और खतरनाक कचरे (जैसे सुई, पट्टियां, खून, शरीर के अंग) को सुरक्षित रूप से इकट्ठा करना, अलग करना, उपचार करना और निपटाना है, ताकि संक्रमण फैलने से रोका जा सके और पर्यावरण की रक्षा हो सकेय इसमें रंग-कोडित बैग और डिब्बे (पीला, लाल, नीला, सफेद, काला) इस्तेमाल होते हैं, जो कचरे को उसके प्रकार (संक्रमित, प्लास्टिक, नुकीली चीजें) के अनुसार अलग करते हैं, और फिर उन्हें ऑटोक्लेव, भस्मीकरण या माइक्रोवेव जैसी तकनीकों से सुरक्षित बनाते हैं।

# बाड़ी से अपना घर आश्रम भरतपुर के लिए गई तीर्थ यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अपना घर सेवा समिति बाड़ी की पुरुष और महिला इकाई के द्वारा 152 यात्रियों को तीन बसों से अपना घर आश्रम भरतपुर की तीर्थ यात्रा कराई गई । यात्रा सोमवार को सुबह 8.00 बजे बसेड़ी रोड से बाड़ी कोतवाल श्री देवेंद्र कुमार शर्मा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर कोतवाल साहब ने कहा कि अपना घर आश्रम मानव सेवा की सबसे बड़ी स्थली है । समिति के संरक्षक सुनील गर्ग (कंपनी परिवार) ने बताया की समिति के द्वारा प्रतिवर्ष भरतपुर अपना घर आश्रम की बाड़ी के नागरिकों को यात्रा निशुल्क कराई जाती है। अपना घर आश्रम भरतपुर का अवलोकन कर बाड़ी से गए सभी नागरिक भाव विभोर हुए। इस अवसर पर अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी .एम. भारद्वाज ने यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु की मूर्तियां देखनी है तो मंदिर जाना चाहिए और अगर प्रभु की लीला देखनी है तो अपना घर आश्रम आना चाहिए। आश्रम की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुसुम लता अग्रवाल ने आश्रम संचालन की कार्य प्रणाली की जानकारी दी तथा बाड़ी से आए सभी यात्रियों का साधुवाद व्यक्त किया।

# सद्भावना की अनूठी मिसाल : राजकाज से निकलकर गुरु की सेवा में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म

## गुरुद्वारा टिब्बा साहब में अपने हाथों से पकाया लंगर, दिया मानवता ही सर्वोपरि का संदेश

### सामाजिक समरसता के रंग में रंगा सीकरी गुरुद्वारे में बुजुर्गों के चरणों में बैठकर मंत्री ने सुनी बातें, बोले- गुरुओं का बलिदान और त्याग ही मेरी प्रेरणा-पुंज

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** सार्वजनिक जीवन में पद की ऊंचाइयां अक्सर व्यक्ति को जमीन से दूर कर देती हैं, लेकिन जब जन-प्रतिनिधि के भीतर 'संस्कार' और 'सेवा' का भाव उमड़ता है, तो सीकरी के जलालपुर स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा टिब्बा साहिब जैसे दृश्य नजर आते हैं। मंगलवार का दिन डीग बृजनगर विधानसभा के इतिहास में एक भावनात्मक अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब प्रदेश के गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने राजकीय औपचारिकताओं और प्रोटोकॉल के बंधनों को छोड़ कर एक सच्चे श्रद्धालु और सेवक की भूमिका निभाई।

### जब मंत्री जी ने थामी कड़छी 'तेरा भाणा मीठा लागे'

गुरुद्वारा परिसर में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम दर्शन के उपरांत सीधे लंगर हॉल की ओर बढ़े। यहाँ एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को भावविभोर कर दिया। मंत्री बेढम ने आम आदमी की तरह लंगर सेवा में हाथ बंटाते हुए बड़ी कड़ाही में स्वयं प्रसादा (लंगर) पकाना शुरू कर



दिया। कड़ाहे से उठती भाप के बीच खड़े होकर, पूरी तन्मयता और श्रद्धा के साथ सेवा करते हुए, उन्होंने यह संदेश दिया कि गुरु के दरबार में कोई विशिष्ट नहीं होता, यहाँ सब बराबर हैं। इस दौरान उनकी आँखों में गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव स्पष्ट देखा जा सकता था।

### बुजुर्गों का आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी

**लंगर सेवा के बाद, गृह राज्य मंत्री जमीन पर दरी बिछाकर बैठी संगत के बीच जा बैठे। उन्होंने वहां मौजूद सिख समाज के बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद किया। ठंड के बीच, समाज के वरिष्ठजनों के साथ जमीन पर बैठकर उन्होंने न केवल उनकी बातें सुनीं बल्कि यह अहसास दिलाया कि वे भी उनके परिवार का ही एक सदस्य हैं।**

**इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि आज यहाँ कड़छी चलाकर मुझे जो सुकून मिला है, वह भौतिक सुख-सुविधाओं में नहीं मिल सकता। गुरु नानक देव जी और गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन हमें यही सिखाता है कि 'नर सेवा ही नारायण सेवा' है।**

### सिरोपा भेंट कर किया गया सम्मान

इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी और सिख समाज के वरिष्ठ जनों ने गृह राज्य मंत्री बेढम को सिरोपा और गुरुओं का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। समाज के लोगों ने कहा कि सीकरी में ऐसा पहली बार देखा गया है जब कोई मंत्री इतने सरल भाव से संगत में शामिल हुआ हो।

### विकसित राजस्थान का संकल्प

गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जिस विकसित और समरस राजस्थान का सपना देख रहे हैं, उसकी शक्ति हमें इन्हीं धार्मिक स्थानों से मिलती है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र में भाईचारे की इस डोर को कभी कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी, पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

# सामाजिक सदभाव वक्त की आवाज : रामकिशन

## सदभाव यात्रा को झंडी दिखाकर नूंह में किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के पूर्व सांसद और समाजवादी शताब्दी पुरुष पंड़ित रामकिशन ने कहा कि देश में लगातार नफ़रत बढ़ रही है और ऐसी सूरत में सामाजिक सदभाव बनाना समय की पुकार है। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन गत दिन हरियाणा के नूंह स्थित जिला मुख्यालय पर आयोजित सामाजिक सदभाव यात्रा को संबोधित कर रहे थे। सदभाव यात्रा देश के जाने माने किसान हितैसी हरियाण के सर छोटूराम के पड़पोता पूर्व सांसद और पूर्व आईएएस रहे बिजेन्द्र सिंह सम्पूर्ण हरियाणा में आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिये पदयात्रा निकाल रहे है । पूर्व सांसद बिजेन्द्र सिंह के आमंत्रण पर पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट मोहन सिंह गुर्जर अलबर के किसान नेता विरेन्द्र सिंह मोर और प्रमुख पत्रकार संजय शर्मा ने नूंह में आयोजित पदयात्रा में हिस्सा लिया। पंड़ित रामकिशन ने इस अवसर पर यह भी कहा कि नफ़रत के आधार पर मुस्लिम लीग कुछ ही वर्षो में मजबूत हो गई थी और उस वक्त ज्यादातर मुस्लमान उसके साथ हो गये थे श् उसी तरह भाजपा की भी स्थिति सत्ता में आने के बाद हिन्दू मुस्लमान की बात करके मुस्लिम लीग जैसी ही हो गई है । उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में सामाजित सदभाव को मजबूत करने की और अधिक जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश भर में बहुत ज्यादा तेजी से गैरबराबरी बढ़ती जा रही है नफ़रत बढ़ने का एक यह भी बड़ा कारण है।

आर्थिक गैरबराबरी तो पूरे चरम पर है जिसकी बजह से जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है , और अगर नफ़रत और गैरबराबरी कम नहीं हुई तो देश में आंतरिक विद्रोह भी हो सकता है ऐसी स्थिति में सभी जाति वर्गो और संगठनों को सामाजिक सदभाव मजबूत करने के प्रयास करने चाहिये। हरियाणा के नूंह में सदभाव यात्रा के संयोजक और कांग्रेस विदेश



मामलों की महत्वपूर्ण कमेटी के उपाध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री विरेन्द्र सिंह के सुपुत्र पूर्व सांसद बिजेन्द्र सिंह ने आगे आकर समाजवादी शताब्दी पुरुष पंडित रामकिशन का भव्य स्वागत किया । किसान नेता इन्दल सिंह जाट और जिला पार्षद मोहन सिंह गुर्जर अलबर के विरेन्द्र सिंह मोर का भी पदयात्रा के तमाम नेताओं ने स्वागत किया।

पूर्व सांसद बिजेन्द्र सिंह ने शताब्दी पुरुष पंड़ित रामकिशन की सर्क्रियता और अनुभवों की प्रशंसा की । इस पदयात्रा को हरियाणा के अन्य तमाम नेताओं ने भी संबोधित किया ।

# ग्रेप 3 की पाबंदियां बेअसर, बयाना में गिट्टी व पत्थरों से भरे डंपर पकड़े, पॉल्यूशन व माइनिंग विभाग की चुप्पी पर सवाल



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण रोकने के लिए लागू ग्रेप-3 की सख्त पाबंदियों के बीच बयाना में सामने आया मामला सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल बन गया है। वन विभाग की कार्रवाई में क्रेशर गिट्टी से भरा डंपर पकड़े जाने के बाद यह साफ हो गया है कि क्षेत्र में न केवल अवैध खनन और परिवहन जारी है, बल्कि पॉल्यूशन और माइनिंग विभाग की चुप्पी भी संदेह के घेरे में है। ग्रेप-3 के तहत खनन, क्रेशर प्लांट संचालन और ब्लास्टिंग पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद गिट्टी से भरा डंपर सड़कों पर दौड़ता मिला, जो इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में क्रेशर उद्योग धड़ल्ले से चल रहे हैं। सवाल यह उठता है कि बिना माइनिंग विभाग की जानकारी या संरक्षण के इतना बड़ा खेल आखिर कैसे संभव है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि माइनिंग विभाग की निष्क्रियता महज लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत की ओर इशारा करती है। अगर खनन और क्रेशर संचालन पर सख्ती से निगरानी होती तो न तो गिट्टी तैयार होती और न ही उसका परिवहन संभव हो पाता। मामला यहीं नहीं रुकता। क्षेत्र में ब्लास्टिंग करते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें खुलेआम पहाड़ियों को उड़ाया जा रहा है। यह ग्रेप-3 के नियमों का सीधा उल्लंघन है, लेकिन न पॉल्यूशन विभाग और न ही माइनिंग विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई की है। वन विभाग की कार्रवाई ने जहां अवैध खनन माफिया में हड़कंप मचा दिया है, वहीं जिम्मेदार विभागों की चुप्पी ने आमजन में रोष पैदा कर दिया है। लोगों का कहना है कि यदि पॉल्यूशन और माइनिंग विभाग समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाते तो पर्यावरण को इतना नुकसान नहीं झेलना पड़ता। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्रेप-3 की पाबंदियां केवल कागजों तक सीमित हैं या फिर जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंखें मूंदे बैठे हैं। वन विभाग की कार्रवाई ने सिस्टम की सच्चाई उजागर कर दी है, लेकिन पॉल्यूशन और माइनिंग विभाग की खामोशी पर्यावरण और कानून दोनों के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है।

# 23 साल से घूंघस कॉलोनी की सड़क बदहाल, परेशान नागरिकों ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को दिया ज्ञापन


बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर की कायस्थ पाड़ा तिराहे से सीधे बाईपास को जाने वाली घूघस कॉलोनी के लोग बदहाल सड़क और नालियों के दूरस्थ नहीं होने से जल भराव और सड़क पर हो रहे गड्ढो से परेशानी भुगत रहे हैं। वार्ड 25 और 22 में आने वाली घूघस कॉलोनी के लोगों का आरोप है कि मामले में नगर पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं सड़क दो वार्डो के बीच होने के चलते दोनों वार्डो के पार्षदों में एकराय और सहमति नहीं होने के कारण दो बार सेंशन सड़क की राशि भी वापस लौट गई। मामले को लेकर कॉलोनी वासियों ने मंगलवार को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अमिताभ मीणा को ज्ञापन सोपा है और पुरानी सड़क को खोदकर नई सड़क बनाने एवं नालियों को दुरुस्त करने की मांग की है।घूघस कॉलोनी निवासी अशोक वेशानदर,गौरव सोनी,विमलेश,पप्पू,शिव कुमार,जितेंद्र



समाधिया आदि ने बताया कि उनकी कालोनी में सन 2002 में आईसीसी की सड़क बनी थी। जो एक,दो साल में ही खराब हो गई। 23 वर्षों में पूरी तरह सड़क खुर्द-बुर्द हो चुकी है। उक्त सड़क के खराब होने के साथ नालियां भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हैं। जिससे पानी सड़क पर भर जाता है।बारिश के दिनों में तो रास्ता निकलना ही मुश्किल हो जाता है। कॉलोनी वासियों की शिकायत पर अधिशासी अधिकारी अभिताभ मीणा ने तुरंत घूघस कॉलोनी का निरीक्षण किया और नागरिकों को नई सड़क बनाने के लिए आश्वासन दिया है। वही घूघस कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा को बाईपास सड़क के पास नगर पालिका की अतिक्रमित की गई भूमि की भी जानकारी मिली। उन्होंने उक्त भूमि पर डाले हुए कचरे को साफ करने के साथ कचरा डालने वालों के खिलाफ नोटिस की कार्रवाई के निर्देश दिए है साथ में बताया है कि उक्त स्थान पर नगर पालिका द्वारा नागरिको के लिए बस स्टॉप या पार्क बनाया जाएगा।

# नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तारः मथुरा क्षेत्र में बुर्का पहनकर छिपा था, जेल प्रहरी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर घर बुलाया था



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** धौलपुर पुलिस ने नाबालिग से रेप के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मथुरा क्षेत्र में बुर्का पहनकर महिला के भेष में छिपा हुआ था। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोचा। धौलपुर एसपी विकास सांगवान ने बताया कि यह घटना 15 दिसंबर को कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई थी। आरोपी ने नाबालिग और उसके भाई को जेल प्रहरी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने घर बुलाया था। इसके बाद उसने नाबालिग के भाई को बाजार भेज दिया और नाबालिग के साथ रेप किया। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें गठित की गई थीं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मथुरा के पास छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर कोतवाली थाने से हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार, एएसआई शिव गणेश और कॉन्स्टेबल रविंद्र मौके पर पहुंचे। वहां आरोपी महिला के भेष में बुर्का पहने मिला। पुलिस को देखते ही आरोपी खेतों की ओर भागा। हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने उसका पीछा किया। खेतों में खुले बिजली के तारों के बावजूद, उन्होंने आरोपी को दबोच लिया।

# सारस चौराहा एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं सर्विस लाइन रोड परियोजना के लिए सर्व समाज महासभा ने जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान सरकार द्वारा सारस चौराहा पर एलिवेटेड फ्लाईओवर एवं 5 किलोमीटर सर्विस लाइन रोड के लिए बजट स्वीकृत किए जाने पर सर्व समाज महासभा के सभी सदस्यों ने सारस चौराहे पर एकत्र होकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सर्व समाज महासभा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महासचिव अनिल भारद्वाज, सचिव कृष्णकांत शर्मा, गिरधारी खंडेलवाल, धर्मवीर सिंह तुहिया, जीवन लाल शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, रणजीत सिंह, राजेंद्र दंडोतिया, केदारनाथ पाराशर, मदन मोहन शर्मा, नेत्र कलश मुद्गल, भूपेंद्र सौगरवाल टीटू महावर एवं वीरू सोगर, सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने कहा कि 'सारस चौराहा एलिवेटेड फ्लाईओवर और सर्विस लाइन रोड जैसी परियोजनाएँ भरतपुर की यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के साथ-साथ शहर के समग्र विकास को नई गति देंगी। यह निर्णय जनभावनाओं के अनुरूप और दूरदर्शी सोच का प्रतीक है।'सर्व समाज महासभा ने एक स्वर में सरकार के इस जनहितकारी निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए भरतपुर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तुलसीवन रोड पर लटके हैं बिजली के तार और सड़क क्रॉस कर रही बिजली केबिल दुर्घटना और हादसों को दे रही न्यौता, कार्यवाही को लेकर व्यापर मंडल का ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के तुलसीवन रोड पर बिजली की लाइन अधर में झूल रही हैं। वहीं कई बिजली केबिल रास्ते में क्रॉस कर रही हैं। जिसके चलते वाहनों के आवागमन के समय हादसे की आशंका बनी हुई है। उक्त मामले को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को सौंपा है। जिसमें मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। बाड़ी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित मंगल एवं महामंत्री राजेंद्र गर्ग ने बताया कि शहर के तुलसी वन रोड पर जहां 3 से 4 की संख्या में खाद एवं रसद विभाग की डीलरों की दुकान और गोदाम है वही पंचायत समिति भवन के साथ व्यापारियों के प्रतिष्ठान और गोदाम स्थित है। जहां से माल की लोडिंग और अनलोडिंग की जाती है। उक्त रास्ते में बिजली की लाइन अधर में झूल रही हैं। कुछ लाइन क्रॉस भी कर रही हैं। जिनसे वाहनों के निकलते समय हादसे की आशंका रहती है।

कुछ दिन पूर्व भी एक ट्रक के बिजली केबिल टकराने के चलते दो बिजली खम्भों को धराशाई किया था और बिजली लाइनों को तोड़ दिया था। जिससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था करीब 24 घंटे गुल रही थी। उक्त मामले में बड़ा हादसा होते-होते टला था। कोई की ट्रक में राशन का गेंहू भरा था और लेबर बैठी हुई थी।

# रेवई के कोरीपुरा के ग्रामीणों ने एसडीएम से की राशन डीलर की शिकायत

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की ग्राम पंचायत रेवई के गांव कोरीपुरा के दर्जनों ग्रामीण राशन नहीं मिलने से परेशान है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में उनके गांव के राशन डीलर को काम मे अनियमितता मिलने पर रसद विभाग ने हटा दिया और उन्हें बाड़ी शहर के दो डीलर ऋषि के यहां अटैच कर दिया है। गांव से करीब 10 किलोमीटर दूर जब ग्रामीण बाड़ी राशन लेने आते हैं तो डीलर उन्हें इधर-उधर भागता रहता है।

## यातायात पुलिस की कार्रवाही से छपरी टाईप बाईकर्स में मचा हड़कम्प



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** यातायात पुलिस की ओर से लगातार चल रही पटाखा छाप बाईकों पर कार्रवाही से छपरी टाईप बाईकर्स में एक अलग तरीके का खौफ बना हुआ है। मंगलवार को जिला एसपी सुधीर चौधरी के निर्देश के बाद बेतरतीब ढंग से टैक्टर चलाकर स्टंट करने वाले एक युवा को टैक्टर सहित थाने लेकर पहुँचे जहां पता चला कि उक्त युवा की उम्र दस दिन पहले ही 18 साल की हुई है और ना उसके पास लाईसेंस है और ऐसे में शहर के व्यस्तम मार्ग पर टैक्टर से स्टंट दिखाकर आने जाने वाले लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। ऐसे में टीम ने दस मिनट में उस युवक को टैक्टर सहित पकड़ लिया। इधर शहर के स्कीम नम्बर 2 में शाम होते ही उत्पादी युवाओं द्वारा बाईक पर स्टंट किया जाता है। ऐसे में यातायात थाना प्रभारी संजय शर्मा अपनी टीम के साथ पहुँचे और पटाखा बाईक सहित एमवी एक्ट में उलंघन करने वाले दुपहियां व चौपहियां वाहन चालकों पर नकेल कसते हुए चालान की कार्रवाही की। ट्रेफिक थाना प्रभारी ने बताया कि लोग अपनी जिन्दगी का मोल समझें और यातायात नियमों की पालना करें साथ ही इस तरीके से मॉडिफाईड़ साईलेंसर लगाकर हंगामा न मचाए वरना वाहन जप्त होगें और जुर्माना ठुकेगा।

## पुत्र ने किये अपने पिता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर मे श्री राधेश्याम खंडेलवाल पुत्र श्री नानग राम निवासी 226 हसन खां,मेवात नगर,अलवर के आकस्मिक



निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आरण्एसण्वर्मा ने बताया कि अनिल कुमार ने अपने पिता जी के निधन के बाद नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत डॉ0 श्रॉफ धर्मार्थ चिकित्सा आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र अनील कुमार ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## पुत्र ने किये अपनी माता जी के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर मे निर्मला तनेजा पत्नी रमेश चन्द तनेजा



निवासी प्याट नं0 50, स्कीम नंबर 4, अलवर के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आरण्एसण्वर्मा ने बताया कि तरुण तनेजा ने अपनी माता के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र तरुण एवं मनीष कुमार तनेजा ने उनकी उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में बानसूर बेटियों ने जीता कांस्य पदक

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र के गाँव होलावास निवासी बेटियों ने क्षेत्र का नाम रोशन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक



जीता है।स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में 24 से 28 दिसंबर तक आयोजित स्कूली स्तर पर कबड्डी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान की यू -17 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम में होलावास बानसूर की पूजा जाट पुत्री मुकेश जाट तथा मोना जाट पुत्री नरेश जाट को भी शामिल किया गया था। जिसमे दोनों खिलाडियों ने उच्च खेल प्रदर्शन का परिचय देते हुऐ कांस्य पदक टीम के नाम करने में अहम् भूमिका निभाई। विजेता खिलाडियों का बानसूर आगमन पर भव्य स्वागत कर वाहन रैली का आयोजन किया गया।स्वागत में होलावास कबड्डी कोच अभिषेक गुप्ता, समाज सेवक दिनेश पहलवान, रोहित शर्मा, करण सिंह गुर्जर अभिभावक तथा समस्त होलावास ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पंचायती महानिर्वाणी मठ के महंत हरिश्चंद्र ने किए चारभुजा जी के दर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चारभुजा (नि.स.)।** अमेरिका यात्रा से लौटे पंचायती



महानिर्वाणी मठ हरिद्वार के महंत हरिश्चंद्र ने मंगलवार को प्रसिद्ध चारभुजा जी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने चारभुजा जी का प्रसाद, पान-बीड़ा ग्रहण किया।मंदिर के पुजारी द्वारा महंत हरिश्चंद्र के माथे पर केसर का लेपन कर माला पहनाकर विधिवत सत्कार किया गया। दर्शन के दौरान महंत हरिश्चंद्र ने चारभुजा जी मंदिर के इतिहास एवं धार्मिक महत्व की जानकारी भी ली। इसके पश्चात उन्होंने मंदिर परकोटे की परिक्रमा की।महंत हरिश्चंद्र के साथ वेरों का मठ कुंभलगढ़ के संत नवीन पुरी भी उपस्थित रहे। दर्शन के समय मंदिर परिसर में शंभू पुरी गोस्वामी, सत्यनारायण वैष्णव एवं बबलू गुर्जर भी मौजूद रहे। दर्शन उपरांत महंत हरिश्चंद्र ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

# प्रतापगढ़ पुलिस का ऑपरेशन चक्रव्यूहः सवा करोड़ कीमत की 1 किलो 203 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

### धोलापानी थाना और डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई; पुलिस को चकमा देने के लिए कर रहे थे स्कोटिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रतापगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत प्रतापगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना धोलापानी और जिला विशेष टीम ने संयुक्त नाकाबंदी के दौरान 1 किलो 203 ग्राम अवैध एमडी ड्रग जब्त कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एसपी आदित्य ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह के सुपरविजन में मंगलवार 30 दिसंबर को



धोलापानी थानाधिकारी प्रवीण कुमार मय जाब्ता बरोल घाटे के पास नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान एमपी नम्बर की एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक शाहरूख खान और दिलावर खान आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उन्हें घेरकर रोक लिया। पूछताछ में वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उसी दौरान पीछे से एक और अपाची मोटरसाइकिल आई। पुलिस ने उसे भी रोका तो पीछे बैठा व्यक्ति सफीउल्लाह जंगल की ओर भाग निकला, जबकि चालक रहीम खान को पुलिस ने दबोच लिया। रहीम खान की तलाशी लेने पर उसकी टी-शर्ट के नीचे छिपाई गई पॉलिथीन की थैली से 1 किलो 203 ग्राम एमडी बरामद हुई।

#### स्कोटिंग के जरिए दे रहे थे सुरक्षा

पूछताछ में मुख्य तस्कर रहीम खान ने बताया कि पकड़े गए अन्य दो आरोपी दिलावर और शाहरूख आगे-आगे चलकर पुलिस की लोकेशन देख रहे थे ताकि ड्रग्स की खेप सुरक्षित पहुंच सके। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त दोनों मोटरसाइकिलें जब्त कर ली हैं। तीनों आरोपी हथुनिया के रहने वाले हैं। इस सफल कार्रवाई में धोलापानी थानाधिकारी प्रवीण कुमार, एसआई भंवरसिंह और डीएसटी टीम के सदस्य शामिल रहे। विशेष रूप से कांस्टेबल विनोद, पंकज और साइबर सेल के रमेश की इस पूरी कार्रवाई में महत्वपूर्ण और विशेष भूमिका रही। पुलिस अब फरार आरोपी सफीउल्लाह की तलाश कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह ड्रग्स कहां से लाई गई थी और कहां सप्लाई होनी थी।

# समन्वय के साथ कार्य करके राष्ट्रीय कार्यक्रमों को घर-घर तक पहुंचायें-सीएमएचओ

### राजसमंद शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** शहरी क्षैत्र में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम गैर संचारी रोगो की रोकथाम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, लाडो योजना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेंवाओं के सुदृढीकरण के लिये आवश्यक है कि आशा और सम्बन्धित एएनएम समन्वय के साथ कार्यक्रमो के लक्ष्यों निर्धारित करें और आशा घर - घर जाकर पात्र परिवारों को योजनाओं से जोड़ लाभान्वित करें, सप्ताह सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारी प्रगति की समीक्षा कर नियमित मोनिटरिंग करें। यह निर्देश सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र किशोर नगर मण्डा में आयोजित शहरी क्षैत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में दिये। उन्होंने कहा की आशाओं को निर्धारित आवंटित वार्ड एवं मौहल्ले में निर्धारित संख्या में घरो



की विजिट करना अनिवार्य है , बिना विजिट के आशा और एएनएम लक्ष्यो को प्राप्त नही कर सकती है इसके लिये कार्ययोजना बना कर कार्य करें ताकी शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय कार्यक्रमो को मजबूत किया जा सके। उन्होंने शहरी आयुष्मान आरोग्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा किये गये कार्यो की नियमित समीक्षा करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में गैर संचारी रोगो की रोकथाम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, आभा आईडी क्रियेशन, टी.बी मुक्त भारत अभियान, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण कार्यक्रम, लाडो योजना को लेकर विस्तार से वार्ड एवं क्षेत्र वार समीक्षा की उन्होंने कहा कि हमे आगामी दो माह में सभी कार्यक्रमो में शत प्रतिशत लक्ष्यों को हांसिल करना है इसके लिये टीमवर्क के साथ - साथ सही कार्ययोजना बना कर कार्य करें। बैठक में शहरी क्षेत्र राजसमंद की नोडल अधिकारी राष्ट्रसहना आजाद, शहरी क्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनीयां उपस्थित थी।

## नववर्ष के आगमन पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण करोः शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के नारायणपुर उपखण्ड के प्राचीन अरावली पर्वतमाला की तलहटी में स्थित खेड़ापति बाबा पीर संज्यानाथ महाराज की तपोस्थली धामेड़ा धाम में मंगलवार को श्रीकृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा चलाए जा रहे वर्षपर्यंत पर्यावरण बचाओ - पेड़ पौधे लगाओं महा अभियान के तहत नववर्ष 2026 के आगमन व 2025 के समापन पर मर्चेंट नेवी ऋषि मिश्रा के निर्देशानुसार सचिव सुनील कुमार शर्मा, डॉ. भीमसिंह जाट वरिष्ठ अध्यापक, सतीश यादव, बनवारी लाल सैनी, वेदांग चौधरी, सुल्तानसिंह लौधी, संगठन मंत्री महेश चन्द सैनी के द्वारा 3 बरगद के 2 पीपल के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया गया। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षपर्यंत अभियान चलाकर पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश देना एक अद्भुत पहल है। बरगद व पीपल का पेड़ न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे जीवन में भी कई तरह से लाभकारी



होता है। बरगद पीपल के पेड़ वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करते हैं और ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाते हैं। इनमें विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के लिए आवास प्रदान करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाते हैं। इसलिए विशेष पर्व, उत्सव, जन्मदिवसों के उपलक्ष्य पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के कार्य हर व्यक्ति को करने चाहिए।

## केलवा में 7 दिवसीय वैदिक संस्कार प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** श्री राधा माधव वैदिक संस्थान, केलवा के तत्वावधान में गायत्री मंदिर परिसर में सात दिवसीय वैदिक संस्कार प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ पंडित मनीष पालीवाल द्वारा गायत्री मंत्र के विधिवत जप के साथ किया गया। इस अवसर पर 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ के अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान बटुकों को प्रतिदिन प्राणायाम, आचमन, शिखा बंधन, पृथ्वी नमस्कार, देव पूजन, गायत्री मंत्र जप, पंचांग ज्ञान सहित विभिन्न वैदिक संस्कारों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं से जोडने में मदद मिलती है। पालीवाल नवयुवक मंडल केलवा के अध्यक्ष कमलेश पालीवाल ने बताया कि श्री राधा माधव वैदिक संस्थान द्वारा विगत कई वर्षों से निरंतर ऐसे संस्कार प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजित शिविर में कुल 31 बालक-बालिकाओं का पंजीकरण हुआ है। शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 24 श्रेणी पालीवाल समाज सेवा समिति मेवाड़ मुख्यालय खमनोर के अध्यक्ष बद्रीलाल पालीवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पटवारी राकेश पालीवाल, प्रदीप कुमार पालीवाल, मुकेश पालीवाल, दक्ष पालीवाल, यश पालीवाल, प्रभव पालीवाल, दिया पालीवाल, कृषा पालीवाल, सागर पालीवाल एवं डिंपल पालीवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पीएमजीएसवाय से क्षेत्र में आवागमन होगा सुगम-सांसद महिमा कुमारी मेवाड़

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र राजसमंद में 14.35 किलोमीटर लंबाई की 8 सडक़ों के निर्माण को केंद्र सरकार द्वारा 9.22 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।सांसद मेवाड़ ने बताया कि पीएमजीएसवाय-ढ्ढढ्ढ, बैच-1, 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत ये सडक़ें जेतारण, मेड़ता, डेगाना विधानसभा क्षेत्रों सहित राजसमंद जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जाएंगी। इन सडक़ों से 8 बसावटों को सडक़ संपर्क मिलेगा, जिससे आवागमन सुगम



होगा और ग्रामीण जनता को बड़ी राहत मिलेगी।सांसद को प्राप्त पत्र में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये सडक़ें ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति देंगी। उन्होंने सडक़ निर्माण कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने पर जोर दिया है।पीएमजीएसवाय के अंतर्गत राजसमंद संसदीय क्षेत्र में स्वीकृत सडक़ कार्यों में एनएच-158 से जवानगढ़ तक, रूपनगर-गणेशपुरा रोड से थोथी फूल सागर तक, रामदेव नगर से बन्ना की नदी तक, रघुनाथपुरा-मोदी-मोरियां-सनेडिया रोड से कास्वों की ढाणी तक, एनएच-58 से माला विश्नोईयों की ढाणी तक, पोह धाम से मोहन राम राड़ की ढाणी तक, पूंडलू से रायको की ढाणी तक तथा आमेट गोमती चौराहा मार्ग से उदा गुरा तक सडक़ निर्माण शामिल हैं।सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने कहा कि इन सडक़ परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तेज होगा और आमजन की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी।

**गाँव के वार्ड को दूसरे गाँव में जोडऩे से ग्रामीणों में आक्रोश**

# उपखण्ड अधिकारी सहित कलेक्टर व एडीएम को सौंप चुके ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** बानसूर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांची के ग्रामीणों ने एतराज जताते हुए उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित के सहायक, कोटपूतली बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी और अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण को ज्ञापन सौंप चुके हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मांची गाँव की ढाणी बालावाली, गंगवाली व शुक्लावाली को मीरापुर में जोड़ दिया गया है जो न्याय संगत नहीं है।उक्त तीनों ढाणीया मांची गाँव के तन में आती हैं। इनकी वार्ड संख्या -3जो बूथ संख्या -38में आती थी जबकि इन ढाणीयों को मीरापुर के बूथ संख्या -39में जोड़ दिया गया है जो विधि संवत नहीं है। ग्रामीणों ने



उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित, कोटपूतली बहरोड़ जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी व अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण से ज्ञापन सौंप कर अपनी पीड़ा बताई है कि उक्त तीनों ढाणीयों को पुनः बूथ संख्या -39से हटाकर बूथ संख्या -38में जोड़ा जाए। वहीं ग्रामीणों कहना है कि यदि वार्ड संख्या 1को वार्ड संख्या 4-5में बूथ संख्या 39से जोड़ दिया जाए तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि उसका कारण है वार्ड संख्या एक का बूथ संख्या 39के पास होना। यदि ऐसा नहीं किया जाता है तो नए बूथ का सृजनन कर वार्ड संख्या 3के मतदाताओं को राहत दिलाई जा सकती है। जिससे चुनाव आयोग की गाइडलाईन की पालना भी हो जाएगी और मतदाताओं को परेशानी भी नहीं होगी।इस दौरान ग्रामीणों में खासा आक्रोश भी देखा गया।

ज्ञापन युवा नेता धर्मपाल गुर्जर व सरपंच प्रतिनिधि राजीव मेहरा के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख सरपंच प्रतिनिधि राजीव मेहरा, युवा नेता धर्मपाल गुर्जर,पूर्व सरपंच व उपसरपंच प्रतिनिधि सतीश शर्मा,मालाराम,योगेश कुमावत, सुनील शर्मा, रामोतार, संजय शर्मा, कृष्ण, रामकरण, उदमी, धोलाराम, रामनिवास, राजू, महावीर शर्मा, दाताराम, महावीर, मनोहर, श्रीराम, जंगली, हवासिंह, संजय, रोशन शर्मा, हरपाल, वीरेन्द्र, लीलाराम, रामेश्वर, हवासिंह व हरिराम सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनजातीय समाज सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहकर आधुनिक शिक्षा और तकनीक को अपनाए: राष्ट्रपति मुर्मू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में अंतरराज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज की अस्मिता और विरासत को संरक्षित रखने की जरूरत पर जोर दिया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास की सबसे बड़ी पूंजी है और इसके विस्तार-प्रसार से ही समाज तथा राज्य का समग्र विकास संभव है। झारखंड के गुमला निवासी महान जनजातीय नायक पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की स्मृति को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के बावजूद अपनी सोच को अपनी माटी और अपने लोगों के लिए समर्पित रखा और शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना। आज उसी भावना के साथ 'कार्तिक जतरा' के माध्यम से लोग उन्हें याद कर रहे हैं, जो अपने आप में एक सार्थक पहल है।

राष्ट्रपति ने कहा कि गुमला जिले में विश्वविद्यालय की स्थापना पंखराज उनका सपना था, जिसे शीघ्र साकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड, छत्तीसगढ़ और ओडिशा को जोड़ने वाला यह क्षेत्र नदियों, पहाड़ों, पठारों और जंगलों से समृद्ध है और देश की प्राचीनतम परंपराओं का साक्षी रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि और कर्मभूमि झारखंड में आकर उन्हें तीर्थ यात्रा जैसा अनुभव होता है। बिरसा मुंडा आज पूरे देश में सामाजिक न्याय और जनजातीय गौरव के महान प्रतीक के रूप में सम्मानित हैं।

## जयपुर से दिल्ली जाने वाली दो फ्लाइट्स कैंसिल

### कोहरे के कारण चार्टर विमान, घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट डायवर्ट; पैसेंजर्स परेशान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** घने कोहरे के कारण जयपुर से दिल्ली जाने वाली दो फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया गया है। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण फ्लाइट्स की सुरक्षित लैंडिंग भी नहीं हो सकी है। ऐसे में दिल्ली आने वाले एक चार्टर विमान, 8 घरेलू और एक अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट को जयपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। कोहरे के चलते यात्रियों को लंबा इंतजार,बदले रूट और कैंसिल फ्लाइट की परेशानी झेलनी पड़ रही है। मौसम विभाग ने भी चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में कोहरे का असर बना रह सकता है।

#### जयपुर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट्स पर भी असर

दिल्ली एयरपोर्ट पर कोहरे का असर जयपुर से दिल्ली जाने वाली उड़ानों पर भी पड़ा। सुबह की दो फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा। एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से सुबह 7:30 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 9-1289 और एयर इंडिया की सुबह 8:30 बजे दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई-1834 को ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द कर दिया गया। जिससे बड़ी संख्या में पैसेंजर्स को परेशान होना पड़ रहा है।

#### इन फ्लाइट्स की जयपुर लैंडिंग

दरअसल,उत्तर भारत में घने कोहरे का असर हवाई यातायात पर काफी नजर आ रहा है। दिल्ली में खराब विजिबिलिटी के चलते एयर इंडिया एक्सप्रेस की भुवनेश्वर से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 9-1060, सूरत से दिल्ली की फ्लाइट 9-1264 और श्रीनगर से दिल्ली की फ्लाइट 9-1029 को जयपुर डायवर्ट किया गया। इसी तरह इंडिगो की इंदौर से दिल्ली आने वाली फ्लाइट 6ई-6002 को भी जयपुर में लैंड करवाया गया।

# अल्मोड़ा में बस 160 फीट खाई में गिरने से 7 की मौत, 12 गंभीर घायल

## हेलिकॉप्टर से पहुंचाया एम्स

बढ़ता राजस्थान

**नैनीताल।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में मंगलवार सुबह यात्रियों से भरी बस 160 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे 7 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 12 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। हादसा भिकियासैंण-रामनगर मार्ग पर शीलापानी (विनायक क्षेत्र) के पास सुबह करीब 8 बजे हुआ, जिसकी दूरी भिकियासैंण से लगभग 8 किलोमीटर आगे है। बस द्वाराहाट-भिकियासैंण-बासोट होते हुए रामनगर जा रही थी। तभी ड्राइवर ने अचानक बस से कंट्रोल खो दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम पहुंची, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू चलाया गया। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। फिलहाल घायलों को भिकियासैंण के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जबकि दो लोगों को रामनगर के राम दत्त जोशी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में पहुंचाया गया है और हालात बिगड़ने पर दो घायलों को हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेजा गया।



## पीएम मोदी ने जताया दुख



उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सुबह यात्रियों से भरी बस 160 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे 7 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 12 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। हादसा भिकियासैंण-रामनगर मार्ग पर शीलापानी (विनायक क्षेत्र) के पास सुबह करीब 8 बजे हुआ, जिसकी दूरी भिकियासैंण से लगभग 8 किलोमीटर आगे है।

बस द्वाराहाट-भिकियासैंण-बासोट होते हुए रामनगर जा रही थी। तभी ड्राइवर ने अचानक बस से कंट्रोल खो दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम पहुंची, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू चलाया गया। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। फिलहाल घायलों को भिकियासैंण के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जबकि दो लोगों को रामनगर के राम दत्त जोशी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में पहुंचाया गया है और हालात बिगड़ने पर दो घायलों को हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

## सीएम धामी ने दुख व्यक्त किया



भिकियासैंण-विनायक मोटर मार्ग पर भिकियासैंण से रामनगर जा रही एक बस गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कुछ लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बस रामनगर के लिए रवाना हुई थी। बस में कुल 18 से यात्री सवार बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोग रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हुए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जनपद अल्मोड़ा में भिकियासैंण से रामनगर जा रही बस के भिकियासैंण-विनायक मोटर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है. जिसमें यात्रियों के हताहत होने की सूचना है।

## ममता घुसपैठ नहीं रोक सकतीं : अमित शाह

### सीएम बोलीं- शकुनि का चेला आया, घुसपैठ सिर्फ बंगाल से तो क्या पहलगाम हमला आपने कराया

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा है कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी जुटाने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखाई देने लगते हैं। आज बीजेपी कह रही है कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी, तो फिर पेट्रापोल और अंडाल में जमीन किसने दी?

बांकुरा में आयोजित कार्यक्रम में ममता ने कहा- बीजेपी कहती है कि घुसपैठिए सिर्फ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है तो क्या पहलगाम में हमला आपने कराया था दिल्ली में जो घटना हुई, उसके पीछे कौन था? बीजेपी स्ढ्क्रके नाम पर लोगों को परेशान कर रही है। ममता का ये बयान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर आया है। पश्चिम बंगाल दौरे के दूसरे दिन आज शाह ने कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता सरकार घुसपैठ को रोक नहीं पा रही है। अगर राज्य में भाजपा सरकार बनी तो यहां परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। बंगाल में सभी योजनाएं डेड एंड पर पहुंच गई हैं। दरअसल, शाह बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर यहां पहुंचे हैं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 तक है। चुनाव मार्च-अप्रैल 2026 में होना लगभग तय है। यहां कुल 294



सीटें हैं, टीएमसी की सरकार है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं।

**बंगाल में घुसपैठ पर:** टीएमसी के 15 साल के शासन में लोग भयभीत हैं। ममता बनर्जी सरकार चुनावी फायदे के लिए बांग्लादेशियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। मोदी सरकार देश में गरीबी का उन्मूलन कर रही है। बंगाल की जनता घुसपैठियों से त्रस्त है। क्या कोई सरकार ऐसी हो सकती है कि जो घुसपैठियों की पनाहगार बने। ये राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। ये बंगाल नहीं, पूरे देश की सुरक्षा का मामला है। इसे केवल राष्ट्रवादी सरकार यानी भाजपा की सरकार ही तय कर सकती है।

## रोहतांग दर्रा सभी वाहनों के लिए खुला

**मनाली।** देशभर से मनाली पहुंच रहे कोई भी टूरिस्ट अब बर्फ देखने के लिए रोहतांग के पास पहुंच सकेंगे। कुल्लू जिला प्रशासन ने रोहतांग के पास जाने को लगाई 4×4 वाहनों की शर्त हटा दी है। इसके बाद कोई भी टूरिस्ट अपने पर्सनल व्हीकल में आगामी दो जनवरी तक रोहतांग जा सकेंगे। डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले मनाली प्रशासन ने पलचान से रोहतांग तक सड़क का निरीक्षण किया और पाया कि सड़क की स्थिति सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए उपयुक्त है। एसडीएम मनाली रमण शर्मा की सिफारिश पर जिला प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

## लेबर कोड से लेकर व्यापार समझौतों तक, भारत के विकास की कहानी स्थिरता और विश्वसनीयता से बनी : पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि लेबर कोड से लेकर व्यापार समझौतों और ऊर्जा एवं बाजार सुधारों तक भारत के विकास की कहानी स्थिरता, विश्वसनीयता और लंबी अवधि के विश्वास से बनी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएमओ इंडिया ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की पोस्ट को कोट करते हुए लिखा, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 पर लेख लिखा है। वह शासन की उस शांत, संचयी प्रक्रिया के बारे में बताते हैं जिसके द्वारा सप्ताह दर सप्ताह आने वाली बाधाओं को दूर किया गया।

#### निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है

अपने आर्टिकल में, केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि कैसे पीएम मोदी सरकार के सुधारों से व्यापार करने में आसानी हो रही है और निवेशकों का भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 को लगातार गवर्नेंस के मिले-जुले असर के तौर पर बताया, जहां बाधाओं को अचानक, बड़े बदलावों के बजाय सामान्य तरीके से दूर किया जाता है।

#### नरेंद्र मोदी की स्थिर लीडरशिप सबसे अलग दिखती है

पुरी ने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता वाले अनिश्चित वैश्विक माहौल में, नरेंद्र मोदी की स्थिर लीडरशिप सबसे अलग दिखती है। उन्होंने बताया था कि लेबर कोड, बड़े ट्रेड एग्रीमेंट, सिक्योरिटीज मार्केट कोड बिल और इंडियन पोर्ट्स एक्ट 2025 जैसे अहम कदम लंबे समय तक चलने वाले आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत आधार बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि शांति बिल भारत के सिविल न्यूक्लियर फ्रेमवर्क को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पुरी के अनुसार, यह सुधार पुराने कानूनों को खत्म करने, छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, लेबर कंप्लायंस को आधुनिक बनाने, मार्केट की निगरानी को मजबूत करने, व्यापार प्रक्रियाओं को डिजिटाइज करने, लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने और लंबे समय के एनर्जी निवेश में जोखिम को कम करने के एक साफ पैटर्न का पालन करते हैं।



## प्रियंका गांधी के बेटे ने अपनी मंगेतर संग की टाइगर-सफारी

### राहुल गांधी भी पहुंचे सवाई माधोपुर

**सवाई माधोपुर।** सवाई माधोपुर के रणथंभौर में न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर पर्यटकों की भारी भीड़ है। वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी मंगलवार को यहां पहुंचीं। प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा ने अपनी मंगेतर अवीवा के साथ टाइगर सफारी की और साइटिंग का लुत्फ लिया। दोनों कैप पहने हुए दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि परिवार 4 दिन तक रणथम्भौर में रुकेगा। चर्चा है कि रेहान और अवीवा बेग की रिंग सेरेमनी हो सकती है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। होटल शेर बाग के मालिक जैसल सिंह के बेटे का बुधवार को जन्मदिन है। इसमें पूरे परिवार के शामिल होने की संभावना है।

**चार दिन तक रणथंभौर में रुकने का कार्यक्रम**-जानकारी के अनुसार- मंगलवार दोपहर 12.45 बजे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का काफिला रणथंभौर पहुंचा। रास्ते पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। शेर बाग होटल परिसर में भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी 4 दिन तक रणथंभौर में प्रवास करेंगे। इस दौरान वे रेहान वाड्रा की मंगेतर अवीवा बेग के परिवार के साथ पांच सितारा होटल 'शेर बाग' में ठहरेंगे।

# नए साल पर शराब पीकर हुड़दंग करना पड़ेगा महंगा

## ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निरस्त, पुलिस ब्रेथ एनालाइजर से करेगी जांच, कई रास्ते रहेंगे वन-वे





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** नववर्ष की पूर्व संध्या पर जयपुर शहर में होटल, रेस्टोरेंट, क्लब और फॉर्म हाउस में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बड़ी संख्या में लोग नए साल के स्वागत के लिए देर रात तक सड़कों पर रहेंगे। यह देखते हुए पुलिस और यातायात विभाग ने पहले से ही सख्त तैयारी कर ली है, ताकि जश्न के नाम पर किसी तरह का हुड़दंग न हो। पुलिस खासतौर पर शराब पीकर वाहन चलाने, तेज रफ्तार और लापरवाही से ड्राइविंग करने वाले युवाओं पर ज्यादा नजर रखेगी। नए साल की रात कानून तोड़ने वालों के लिए जश्न भारी पड़ सकता है।

#### शराब पीकर वाहन चलाया तो होगी कड़ी कार्रवाई

जयपुर शहर के ट्रैफिक डीसीपी सुमित मेहरड़ा ने बताया- नववर्ष की पूर्व संध्या पर शहर के मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में ब्रेथ एनालाइजर के साथ विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए ड्राइवरों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। ऐसे मामलों में चालान के साथ-साथ ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के लिए परिवहन विभाग को भी लिखा जाएगा। गंभीर मामलों में राजस्थान पुलिस एक्ट के तहत गिरफ्तारी भी की जा सकती है। पुलिस ने कहा- शराब पीने के बाद खुद वाहन चलाने की बजाय ड्राइवर साथ रखें या टैक्सी का इस्तेमाल करें।

#### बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और तेज रफ्तार पर नजर

पुलिस के अनुसार नए साल की रात अक्सर युवा तेज रफ्तार, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाते हैं, जिससे खुद हादसे का शिकार होते हैं, बल्कि दूसरों की जान भी खतरे में डालते हैं। ऐसे वाहन ड्राइवरों पर सख्त नजर रखी जाएगी और नियम तोड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

#### डिक्की खुली रखकर और तेज आवाज में म्यूजिक पर रोक

वाहनों की डिक्की खुली रखकर उसमें किसी को बैठाने, चलते वाहन में हुड़दंग करने और तेज आवाज में स्टीरियो बजाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा- सड़क पर इस तरह की लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### 50 से अधिक मोबाइल फोर्स की तैनाती

ट्रैफिक डीसीपी सुमित मेहरड़ा ने बताया- शहर में पिछले एक सप्ताह में टूरिस्ट की संख्या में वृद्धि हुई है। इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। ड्रोन से सर्वे करवाए गए हैं। ट्रैफिक लाइट्स को ऑप्टीमाइजर किया गया है। ग्राउंड पर पुलिस की संख्या भी बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया- ट्रैफिक जाम वाले एरिया में 50 से अधिक मोबाइल फोर्स की तैनाती की गई है। इससे जाम लगने की स्थिति में उस इलाके को तुरंत क्लियर करवाया जा सके।

## गोविंददेवजी और मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के लिए बदली ट्रैफिक व्यवस्था

### नववर्ष पर शहर की प्रमुख सड़कों पर नो-पार्किंग, परकोटा क्षेत्र में बसों के प्रवेश पर रोक

नववर्ष के पहले दिन 1 जनवरी 2026 को जयपुर आराध्य श्री गोविंद देव जी मंदिर और प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शनार्थी पहुंचते हैं। हर साल नए साल पर इन दोनों प्रमुख मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालु उमड़ते हैं। इस पर शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है, ताकि दर्शनार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे। ट्रैफिक पुलिस ने 1 जनवरी को पूरे दिन के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया है। इस दौरान मंदिरों की ओर जाने वाले कई रास्तों पर वाहनों की आवाजाही पर विशेष व्यवस्था रहेगी। कुछ रास्तों पर पूरी तरह से ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। पार्किंग के लिए अलग-अलग जगह तय की गई है। यह व्यवस्था सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक लागू रहेगी। नववर्ष उत्सव के दौरान चारदीवारी क्षेत्र में चलने वाली बस और मिनी बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा और इनका संचालन समानांतर मार्गों से किया जाएगा। गोविंद देव जी मंदिर और जलेबी चौक के आसपास पार्किंग सीमित होने के कारण आमजन से अपील की गई है कि वे वाहन भूमिगत पार्किंग रामनिवास बाग में पार्क कर सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार